वर्ष- 22 अंक - 78 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, सोमवार 31 अगस्त 2026



## आज पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की पुण्यतिथि

**नई दिल्ली.एजेंसी।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की आज पुण्यतिथि है। 31 अगस्त 2020 को कोरोना काल में उनका निधन हुआ था। वह 2012-2017 तक राष्ट्रपति रहे।

## सिंगर की हत्या करने वाले दो को मार गिराया

**शामली.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के शामली में हरियाणवी सिंगर और यूट्यूबर अंकित बालियान की हत्या के मामले में दो शूटर सुमित और मोहित को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया।

## दिल्ली में फिर निर्भया कांड, 16 साल की छात्रा से बस में गैंगरेप

**नई दिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली से सटे नोएडा में 16 वर्षीय छात्रा के साथ स्लीपर बस में गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गैंगरेप के आरोपी बस ड्राइवर और कंडक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। पर्दे लगी इस बस में 47 किमी तक छात्रा के साथ दुष्कर्म किया गया।

## राम मंदिर को दिया 4 करोड़ का चेक, खाते में निकले 3 रुपए

**चेन्नई.एजेंसी।** चेन्नई की एक महिला श्रद्धालु ने राम मंदिर के कर्मचारियों की सुविधाओं के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को 4 करोड़ रुपये का चेक दिया था, लेकिन बैंक में चेक जमा होने पर संबंधित खाते में सिर्फ 3 रुपये मिले, जिसके चलते चेक बाउंस हो गया।

## क्रेन और जहाज की टक्कर, लगी आग

**मुंबई.एजेंसी।** मुंबई के बीपीएस पोर्ट पर कार्गो उतारने के दौरान बड़ा



हादसा हो गया। बारबाडोस फ्लैग वाले 'वियना' जहाज से 140 मीट्रिक टन कार्गो उतारते समय दो क्रेनों में से एक का स्लिंग असंतुलित होकर निकल गया। इससे दूसरी क्रेन जमीन से उठ गई और उसका फ्रंट टेलिस्कोपिक बूम जहाज से टकरा गया। घर्षण के कारण क्रेन में आग लग गई और दो लोग घायल हो गए।

# सैकड़ों कब्र तैयार, सामूहिक अंतिम संस्कार

## नेपाल की बाढ़ में डूबी बैंक से 50 करोड़ का सोना और करोड़ों नकदी मिली



काठमांडू ● एजेंसी

नेपाल में भीषण बाढ़ के पांच दिन बाद भी तबाही का सिलसिला थमा नहीं है। मौतों का आंकड़ा 919 पहुंच चुका है, जबकि 4200 से ज्यादा लोग लापता हैं। बड़ी संख्या में बरामद शवों की पहचान नहीं हो सकी है, जिसके चलते अज्ञात शवों को अस्थायी रूप से सामूहिक दफन किया जा रहा है। इसके लिए सैकड़ों कब्र तैयार की गई हैं। हजारों परिवार यहां अपनों की तलाश में भटक रहे हैं। 275 भारतीय नागरिकों से भी संपर्क नहीं हो पा रहा। बाढ़ में डूबी एक बैंक से 50 करोड़ का सोना और करोड़ों रुपए नकद मिले हैं।

## उज्जैन में अघोरी महिला ने चिता से निकालकर खाया मांस

**उज्जैन.एजेंसी।** धार्मिक नगरी उज्जैन से सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो को





लेकर विवाद खड़ा हो गया है। वीडियो में खुद को अघोरी और किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बताने वाली काली उर्फ नंद गिरी श्मशान घाट में जलती चिता से कुछ निकालकर खाती नजर आ रही हैं। वीडियो सामने आने के बाद संत समाज और आम लोगों में नाराजगी जताई जा रही है। वीडियो में महिला यह कहते हुए नजर आती है कि वह चिता से मांस खाएगी। इसके बाद वह हाथ में तलवार लेकर जलती चिता के पास जाती और उसमें से कुछ निकालकर खाने का दावा किया जा रहा है।

## नेपाल से बहकर आए 13 शव

काठमांडू ● एजेंसी

नेपाल में आई भीषण बाढ़ की तबाही का असर अब सीमा पार उत्तर प्रदेश में भी दिखने लगा है। कुशीनगर में गंडक नदी से रविवार को चार और शव बरामद किए गए। पिछले चार दिनों में नदी से अब तक कुल 13 शव निकाले जा चुके हैं।

### बिहार के एक ही परिवार के 5 लोग लापता

नेपाल में आई बाढ़ के बाद बिहार के पूर्वी चंपारण के 12 लोग लापता बताए जा रहे हैं। इन 12 लोगों में एक ही परिवार के पांच लोग भी शामिल हैं।

### बड़ी-बड़ी मछलियां भी बाढ़ में आई

बाढ़ का पानी अपने साथ सिर्फ लकड़ी, घरेलू सामान, गैस सिलिंडर और मलबा ही नहीं, बल्कि विशालकाय मछलियों को भी बहाकर बिहार तक ले आया। अब गंडक नदी और उसके आसपास के इलाकों में 40-50 किलो ही नहीं, बल्कि 90 किलो से लेकर डेढ़ क्विंटल तक वजन वाली मछलियां मिलने के दावे किए जा रहे हैं।

### पूर्व न्यायाधीश भी लापता

नेपाल में भीषण बाढ़ के बीच पश्चिम बंगाल हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस वी. शिवज्ञानम के लापता होने की खबर है। 4 दिन बाद भी सुराग नहीं मिल सका है।

### अमेरिका में 15 लापता

अमेरिका के ग्रैंड कैन्यन नेशनल पार्क में अचानक आई बाढ़ से भारी नुकसान हुआ है। 15 लोग लापता बताए जा रहे हैं और 62 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है।

**पुल नदी में गिरा -** चित्रकूट में पुल टूटकर नदी में गिर गया और घरों में 5 फीट कीचड़ जमा हो गया। बिहार में 8 घर गंगा में समा गए।

## अमेरिका ने खार्ग आईलैंड के कर दिए टुकड़े-टुकड़े हमलों से कच्चे तेल की कीमतों में उबाल

**सोमवार.एजेंसी।** अमेरिका ने ईरान के लारक और खार्ग आईलैंड पर बड़ा हमला किया है। ट्रंप ने दावा किया है कि खार्ग द्वीप को पूरी तरह से तबाह कर टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए। खार्ग को ईरान का प्रमुख तेल निर्यात टर्मिनल माना जाता है और यहां से देश के कच्चे तेल के निर्यात का 90 फीसदी तेल संभाला जाता है। ईरान और अमेरिका में फिर छिड़ी जंग के कारण कच्चे तेल की कीमत में 3 प्रतिशत का उछाल आया।

## कांग्रेसी मंत्री ने कहा सबको मस्जिद जाना चाहिए

**बेंगलुरु.एजेंसी।** कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री बसवराज रायरेड्डी ने एक विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस्लाम दूसरे धर्मों से बेहतर है। सभी को मस्जिद जाना चाहिए। मंत्री ने मक्का जाने की इच्छा जताई, लेकिन कहा कि एक गैर-मुस्लिम होने के नाते वह ऐसा नहीं कर सकते।

## लालू के बेटे तेज प्रताप को 50 करोड़ का मानहानि नोटिस!

**पटना.एजेंसी।** बिहार सरकार के मंत्री संजय कुमार सिंह ने जनशक्ति जनता दल के अध्यक्ष तेज प्रताप यादव को 50 करोड़ रुपये का कानूनी मानहानि नोटिस भेजा है। तेज प्रताप यादव ने एक्स पर एक पोस्ट कर मंत्री संजय कुमार सिंह पर गंभीर आरोप लगाए थे। तेज प्रताप ने आरोप लगाया था कि मंत्री संजय कुमार सिंह ने दिल्ली दौरे के दौरान एक बड़े होटल में एक महिला कर्मचारी के साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किया और उसके साथ शोषण का प्रयास किया।

## टुकड़े-टुकड़े हुई सुपर स्पीड थार, चार युवकों की मौत

**हापुड़.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के हापुड़ के सिंभावली थाना क्षेत्र में देर रात गंगा एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार थार गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि इसमें सवार चार युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। थार बदायूं से दिल्ली की तरफ जा रही थी। थार गाड़ी के टुकड़े-टुकड़े हो गए।



# विजयवर्गीय पर नेताप्रतिपक्ष का तंज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।




विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कल मीडिया से चर्चा की। मीडिया ने सिंघार से पूछा कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि लोग शकर नहीं खाएं। इस पर सिंघार बोले कि कैलाशजी को बोलने का शौक है, आप सब जानते हैं कि वे क्या-क्या बोल देते हैं। सिंघार ने कहा कि शकर के दाम केन्द्र सरकार नियंत्रण कर कम कराए। वहीं सिंघार ने भागीरथपुरा जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की बात भी कही। रिपोर्ट में जनप्रतिनिधियों और एमआईसी सदस्यों को क्लीनचिट देने पर भी कहा कि जनप्रतिनिधियों को बचाया जा रहा है, सिर्फ अधिकारियों को दोषी बताया जा रहा है। सिंघार ने कहा कि इस भागीरथपुरा की रिपोर्ट को हम विधानसभा में उठाएंगे। राहुल गांधी के 12 सितम्बर के दौरे और छात्रों की गूंज कार्यक्रम में 50 हजार छात्र जुटने की बात भी सिंघार ने कही। सिंघार ने यह भी कहा कि सरकार नौकरी नहीं देना चाहती है इसलिए 13 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण होल्ड पर है। महंगाई और विजयवर्गीय पर भी सिंघार ने तंज कसे।



## सांसद ने सौंपा नियुक्ति पत्र

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। राष्ट्रीय सिंधी समाज के संरक्षक सांसद शंकर लालवानी ने सांसद कार्यालय में राष्ट्रीय सिंधी समाज के नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र सचदेव को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान मुकेश सचदेव भी मौजूद रहे। दोनों ने सांसद का सम्मान भी किया।

## महिला नेत्रियों ने बांधी कांग्रेसी भाइयों को राखी





इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कल महिला कांग्रेस ने रक्षाबंधन का आयोजन अपने कांग्रेसी भाइयों के लिए किया था। नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार, विधायक सचिन यादव, पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, अर्चना जायसवाल, दीपू यादव, अमन बजाज, सदाशिव यादव, राधेश्याम पटेल सहित कई कांग्रेसी मौजूद रहे।



## तीनों दिन तक चला जश्न

### हिन्दूवादी नेता हार्डिया का मनाया अवतरण दिवस

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। हिन्दूवादी नेता सुमित हार्डिया के जन्मदिवस पर समर्थकों ने तीन दिवसीय खुशी के इजहार का आयोजन किया। बड़ी संख्या में युवा तीन दिनों तक जश्न मनाकर इजहार करते रहे। कई केक काटे गए, मिठाई का वितरण हुआ, भोजन के आयोजन भी किए गए। जन्मदिन के पहले रात में बड़ी संख्या में युवाओं का हुजूम जन्मदिन मनाने एकत्रित हुआ था।

## भाजपाइयों ने चलाया हनुमानजी के मंदिर पर सफाई अभियान

### पौधारोपण किया, बैठक आयोजित की, मन की बात भी सुनी





इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भाजपा नेता जसराज शर्मा ने बताया लेटेश्वर हनुमान मंदिर पर जसराज शर्मा मित्र मंडल द्वारा पौधारोपण किया गया। साथ ही सफाई अभियान भी चलाया गया। उसके बाद मन की बात कार्यक्रम सभी बूथ पदाधिकारी और मित्रों के साथ सुना गया। तत्पश्चात ज्योतिबा फुले मंडल के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 51 के शक्ति केंद्र क्रमांक 1 की मासिक बैठक की गई। जसराज शर्मा, दीपक राजोरिया, मलखान कटारिया, नरेश पुरोहित, भगवती उपाध्याय, रोहित पालीवाल, बबलू खां पवार,कमला जायसवाल, वैशाली, युवराज जाजमे, जितेंद्र, अर्जुन, राकेश, कपिल बघेल, जागेश्वर, आशुतोष उपस्थित रहे।



## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा पदाधिकारियों का सम्मान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा इंदौर महानगर द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान का आयोजन किया गया। राजेश उदावत, नन्दकिशोर पहाड़िया, दीपक जैन टीनू, भूपेन्द्र चौहान, नानूराम कुमावत, रघु यादव, जीतू कुशवाह, निखिल सोनी, प्रकाश राठौर, राजेश चौहान, कविता सागर, राम नवाल, संतोष पाटिल, श्रेष्ठा जोशी, अजीत कुशवाह, गीता कुशवाह, द्वारका चौरसिया, आनन्द पोरवाल, योगेश ठाकुर, सतीश लांभाते, शंकर कुमावत, विकास वर्मा, मनोज पहाड़िया, विनित सेन, सतीश देवांग, विनोद यादव, संजय चौधरी, यशवंत काशीद सहित अन्य मौजूद थे।

## सिंधिया 43 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मंत्री इंदरसिंह परमार एवं मंत्री तुलसीराम सिलावट 7 सितंबर को मांगलिया में 43 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन करेंगे। मांगलिया में 10 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित आयुष औषधालय का लोकार्पण,लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 24 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पांच सड़कें तथा लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से कृषि उपज मंडी मांगलिया में विभिन्न विकास कार्यों सहित ग्राम पंचायत भवन, बहुउद्देशीय कृषक सेवा केंद्र तथा आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों का भी लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर कार्यक्रम की तैयारियां मंत्री तुलसीराम सिलावट ने शुरू कर दी है। अधिकारियों की बैठक भी ली गई। अधिकारियों को मंत्री ने सभी तैयारियां समय पर करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों के साथ मंत्री ने दौरा भी किया।



## नेता प्रतिपक्ष सिंघार का स्वागत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार कल इन्दौर में थे। विधानसभा एक के वार्ड 2 से जुडे कांग्रेस नेता अमजद खान ने अपने साथियों के साथ सिंघार का स्वागत किया और संगठन मुद्दे पर चर्चा भी की। जनहित के मुद्दे उठाने, लोकतंत्र और कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करने का संकल्प अमजद खान और उनकी टीम ने सिंघार के सामने लिया।

## आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग वाली रैली में शामिल होंगे इंदौरी

### मशाल यात्रा विदिशा में निकलेगी, महालक्ष्मी नगर में बैठक



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। ईडब्ल्यूएस सरलीकरण और आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर करणी सेना कालवी विचारधारा का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। सड़क से संसद तक जन-जागरण का महाअभियान के तहत मध्यप्रदेश में आंदोलन का पांचवां पड़ाव विदिशा में होगा। इसको लेकर 6 सितंबर को शाम 5 बजे विदिशा में मशाल यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा ईडब्ल्यूएस क्रांति के जनक और करणी सेना सुप्रीमो अनुराग प्रताप सिंह राघव के नेतृत्व में निकलेगी। क़ल यात्रा की तैयारी और इन्दौर से विदिशा जाने के लिए महालक्ष्मी नगर स्थित गायत्री विला में बैठक आयोजित की गई, जिसे करणी सेना सुप्रीमो अनुराग प्रताप सिंह राघव ने संबोधित किया। बैठक में तय किया गया कि इंदौर शहर से भी करणी सेना के पदाधिकारी 6 सितंबर को बायपास टोल के पास से विदिशा के लिए रवाना होंगे और मशाल यात्रा में शामिल होंगे। करणी सेना द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत उज्जैन, इंदौर, शाजापुर, धार के बाद अब पांचवां पड़ाव विदिशा में होने जा रहा है। आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू हो, जाति नहीं, आर्थिक स्थिति को आधार बनाकर सभी वर्गों के गरीबों को समान अवसर मिले, ईडब्ल्यूएस सरलीकरण हो। करणी सेना सुप्रीमो अनुराग प्रताप सिंह राघव ने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होती, तब तक यह जन-जागरण अभियान जारी रहेगा। बैठक में कमलसिंह जादौन, दिग्विजयसिंह सोलंकी, मोनिकासिंह बेस, राजेंद्रसिंह ठाकुर, अजीतसिंह ठाकुर, संतोषसिंह ठाकुर, हरेंद्रसिंह चौहान, गोपालसिंह पवार, दरबारसिंह परमार, प्रद्युमनसिंह तोमर, शुभमसिंह राजपूत, अभिराजसिंह तोमर, मयंकसिंह तोमर, शैलेंद्रसिंह राणा, राहुल बन्ना, लक्ष्य बना, आरव बना मौजूद थे।

# कांग्रेस के पास और भी है राहुल के आयोजन के लिए विकल्प
# नेहरू स्टेडियम के लिए कांग्रेस पहुंची निगम आयुक्त के पास

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

## खंडवा रोड पर दो कांग्रेस नेताओं के खेत पर और सांघी ग्राउंड ट्रांसपोर्ट नगर के अलावा खालसा स्टेडियम पर भी है निगाह, छात्रों के फोन आना हुए शुरू

शहर और जिला कांग्रेस द्वारा जहां दो दिन बाद 2 सितम्बर को राजीव गांधी सर्कल स्थित शुभ कारज गार्डन पर बड़ी बैठक आयोजित कर राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम की तैयारी की जाएगी। शहर और जिला के अलावा इंदौर-उज्जैन संभाग के कांग्रेस पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। आज कांग्रेस नगर निगम आयुक्त से मिलने पहुंची है और नेहरू स्टेडियम मामले में निर्णय किया जाएगा। इधर कांग्रेस ने एक नहीं कई विकल्प भी जगह की तलाश में कर रखे हैं। खंडवा रोड पर दो जगह, दो कांग्रेस नेताओं की कल देखी गई। वहीं सांघी ग्राउंड ट्रांसपोर्ट नगर पर जहां बोहरा समाज के धर्मगुरु का आयोजन हुआ था वह जगह भी देखी, वही रिजनल पार्क के सामने की जगह जहां पटाखा दुकानें लगती है उसे भी कांग्रेसियों ने देखा। कुछ कांग्रेसियों ने खालसा स्टेडियम भी देखा, लेकिन वह छोटा दिखाई दे रहा है। राहुल गांधी के इस छात्रों की गूंज कार्यक्रम में कांग्रेस होस्ट रहेगी, लेकिन कांग्रेसी अन्दर नहीं होंगे, वहां केवल छात्र ही होंगे। जैसे ही कल से राहुल गांधी के छात्रों की गूंज 12 सितम्बर को कार्यक्रम होने की बात बाहर आई वैसे ही कई छात्रों के फोन शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े सहित अन्य नेताओं के पास आना शुरू हो गए हैं, इससे कांग्रेसियों में उत्साह भी बढ़ गया और कल से ही कांग्रेसी कहने लगे कि 50 हजार का आंकड़ा भी रजिस्ट्रेशन से पार हो जाएगा। अब रजिस्ट्रेशन भी किए जाना है उसकी भी तैयारी कांग्रेस कर रही है क्योंकि आयोजन दो संभाग के 15 जिलों से जुड़ा छात्रों का है और कांग्रेस ने 50 हजार छात्रों का रजिस्ट्रेशन होना बताया, लेकिन जिस तरह से कल से फोन आना शुरू हुए उससे कांग्रेसियों को उम्मीद है कि यह आंकड़ा भी पार हो जाएगा। राहुल गांधी की छात्रों से चर्चा के पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा, जिसमें संगीत कार्यक्रम होगा जो युवाओं की पसंद से जुड़ा रहता है। ऐसे में कांग्रेस इस बात का ध्यान रख रही है कि छात्रों को दुविधा ना हो, आने-जाने में दिक्कत ना हो और आसानी से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर अपना स्थान ग्रहण कर लें। क्योंकि कार्यक्रम शाम के बाद से ही होना है। ऐसे में लाइट, जनरेटर और पानी से बचने के साधन से लेकर अन्य व्यवस्था भी कांग्रेस को जुटाना होगी। नेहरू स्टेडियम कांग्रेस ने इसी लिए मांगा है कि वहां से छात्रों के हब के समीप पडता है और पार्किंग स्थल भी बड़ा है और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होने के साथ-साथ राहुल गांधी की सुरक्षा भी नेहरू स्टेडियम में सुरक्षित रहेगी, ऐसा कांग्रेसी मान रहे है। कांग्रेसियों का यह भी मानना है कि पिछले कुछ सालों में राजनीतिक आयोजन नेहरू स्टेडियम में हुए है और उस सूची पर भी कांग्रेस चर्चा कर रही है। हालांकि जानकार लोगों का यह भी कहना है कि नगर निगम राहुल गांधी के कार्यक्रम के लिए स्टेडियम की स्वीकृति देगी या नहीं, निगम द्वारा स्वीकृति नहीं मिलने पर कांग्रेस ने अन्य जगह भी देखना शुरू कर दी है। ऐसे में भाजपा की परिषद भी विवाद से बचने के लिए राहुल गांधी कार्यक्रम की स्वीकृति करा सकती है, अन्यथा कार्यक्रम दूसरी जगह पर तो होगा ही और कांग्रेसी भाजपाई परिषद के साथ भाजपाइयों की छिछालेदारी करेगी और आने वाले समय में अगर भाजपा नेहरू स्टेडियम का उपयोग करती है, तो कांग्रेस विरोध में खडी होगी। इन सभी मुद्दों का आंकलन करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठजनों का मानना है कि राहुल गांधी के कार्यक्रम के लिए निगम आयुक्त और परिषद नेहरू स्टेडियम देने से मना नहीं करेंगे। इस मामले में कांग्रेस आज निगम आयुक्त से मिलने पहुंची है और कार्यक्रम की जानकारी देंगे और आयुक्त से स्वीकृति की बात भी कर रहे हैं।

# पटवारी के यहां हुई बैठक को अन्य गुट के नेताओं ने चर्चा में बनाया

## दूसरे नेताओं के समर्थकों को नहीं बुलाया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

राहुल गांधी 12 सितम्बर को छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए इंदौर में शामिल हो रहे हैं। यह कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के गृह क्षेत्र में हो रहा है, पहले यह आयोजन जबलपुर में होने वाला था। इस आयोजन को लेकर जीतू पटवारी ने शनिवार को अपने निवास बिजलपुर पर बैठक का आयोजन किया था। इस बैठक में राहुल गांधी के करीबी बेजू और त्यागी भी पहुंचे थे। राहुल के करीबी की मौजूदगी में प्रदेश कांग्रेस के बड़े नेताओं के समर्थक भी जानना चाहते थे कि उन्हें क्यों नहीं बुलाया। इस बैठक के बाद से लेकर कल कांग्रेस के सोशल मीडिया पर कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, अजय सिंह, अरुण यादव, जयवर्धन सिंह, उमंग सिंघार, सज्जनसिंह वर्मा सहित अन्य नेताओं के समर्थकों ने सोशल मीडिया पर बैठक में नहीं बुलाने पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि ऐसा लगता है कि अब जीतू पटवारी प्रदेश में अकेले ही राजनीति करना चाहते हैं और सारे नेताओं को दरकिनार कर घर बैठाना चाहते हैं। कुछ पार्षदों ने भी नाराजगी दिखाई कि उन्हें नहीं बुलाया गया है। जबकि राहुल गांधी कांग्रेस के सर्वमान्य नेता है और उनके नाम पर कांग्रेसियों में जबर्दस्त उत्साह है और राहुल गांधी के करीबी बेजू और त्यागी आए तो उनसे भी बड़े नेता के समर्थक मिलना चाहते थे, उनसे भी वे दूर रहे। सोशल मीडिया नाराजगी से भरा पड़ा नजर आया।

# आयुक्त से मिलने के लिए
## कांग्रेसियों के पास नहीं पहुंचे फोन

### केवल सोशल मीडिया पर चलाया मैसेज, वह भी रात में

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** राहुल गांधी के छात्रों की गूंज आयोजन को लेकर 5 दिनों के लिए कांग्रेस ने नेहरू स्टेडियम नगर निगम से मांगा है। इसी मुद्दे पर निगम आयुक्त से मिलने कांग्रेसी पहुंचे हैं। कल रात 7.45 बजे से लेकर 8 बजे तक कांग्रेस के सोशल मीडिया ग्रुप पर ब्लॉक और वार्ड अध्यक्षों के अलावा विधानसभा प्रभारी को आमंत्रण पत्र डाला गया। कल गांधी भवन से इन्हें फोन किए जाना था, लेकिन फोन नहीं किए गए, रविवार का हवाला दिया गया।



## पूर्व मंत्री की प्रतिमा पर भाजपाइयों ने किया माल्यार्पण

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पूर्व मंत्री निर्भय सिंह पटेल की आज पुण्यतिथि पर चोइथराम मंडी चौराहा स्थित प्रतिमा पर भाजपाइयों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मनोज पटेल, रवि रावलिया, पार्षद ओपी आर्य, सुनील हार्डिया, सुभाष सुनेर, सोनाली धारकर, सुशील शर्मा, सुभाष पाटीदार सहित अन्य मौजूद थे। नगर-जिला भाजपा अध्यक्ष और जनप्रतिनिधि ओरछा बैठक में हैं इसलिए वे आयोजन में नहीं पहुंचे।

## आदेश निकला तो निगम के घोटाले का हुआ उजागर -कांग्रेस

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि नगर निगम आयुक्त व्दारा यह आदेश दिया गया है कि ड्रेनेज लाईन डालने बाद ठेकेदार रेस्टोरेशन करेंगे तभी भुगतान मिलेगा। इस पर द्विवेदी ने सवाल भी खड़ा किया और कहा कि पूर्व में भी उन्होंने इस मामले को उठाया था और अन्य मामले भी उठाए थे, सड़कों की जानकारी भी दी थी और जब ड्रेनेज लाईन डाली गई और बिना रेस्टोरेशन किए ठेकेदारों को भुगतान किया गया तथा फिर नवीन सड़क बनाई गई। आयुक्त क्या ऐसे समस्त मामलों को उजागर करेंगे। जांच करेंगे तथा आयुक्त का आदेश इंदौर नगर निगम के बड़े घोटाले को उजागर नहीं करता। व्दिवेदी ने तो एक और घोटाले का आरोप लगाया है कि नगर निगम सीवरेज लाईन डालने में भी बड़े पैमाने पर घोटाला कर रहा है तथा जहां जहां अभी रहवासी नहीं है उन कालोनियों में भी सरकारी खर्च पर सीवरेज लाईन डालकर कालोनाइजरों को उपकृत कर रहा है तथा जहां जहां ड्रेनेज लाईन डली हुई है उन्हें बंद कर नवीन लाईन डाल रहा है, जल्दी खुलासा किया जायेगा।



## अखंड रामायण पाठ समापन पर पहुंचे भाजपाई

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मौनी बाबा आश्रम सांवेर रोड पर अखंड रामायण पाठ का समापन किया। कार्यक्रम में विधायक राकेश शुक्ला, पूर्व विधायक संजय शुक्ला, कमल शुक्ला, बब्बी शुक्ला, नितिन शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।

# 51 महाविद्यालयों में प्रभारी नियुक्त

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष राजीव विकास केन्द्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्रसिंह यादव ने बताया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 12 सितम्बर को छात्रों की गूंज कार्यक्रम में छात्रों से चर्चा करेंगे। कांग्रेस ने 50 हजार छात्रों का टारगेट रखा है जिनके पंजीयन भी किए जाएंगे। यादव ने बताया कि शहर एवं जिले के 168 शासकीय एवं अशासकीय कॉलेज छात्रा छात्राओं की भागीदारी एवं प्रचार प्रसार हेतु मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र द्वारा 51 महाविद्यालयों में वर्तमान और पूर्व छात्र एवं नेताओं को प्रभारी नियुक्त किया गया हैं। छात्रों के बीच प्रभारी पहुंचकर कार्यक्रम के लिए ज्यादा से ज्यादा पंजीयन हो उसके रणनीति बनाएंगे। महाविद्यालय के अलावा होस्टल में भी छात्रों से चर्चा होगी। विश्वविद्यालय के लिए योगित गुप्ता को प्रभारी एवं अलग-अलग कालेजों में जितेन्द्र नीम, मुकेश पुरी, मनीष मोदी, अलंकार रायकवार, तेजप्रकाश राणे, सीमा यादव, अजय राठी, अनिल चौहान, संतोष सोनाने, कविता शुक्ला, ममता कुलकर्णी, अख्तर जावेद, निशा चतुर्वेदी, सुशीला सक्सेना, नीलमा ठाकुर, चिंटू वर्मा, सुरेन्द्रसिंह शेरा, सन्नी राजपाल, महेन्द्रसिंह यादव, लवेश यादव, सफदर नकवी, सरफराज अंसारी, कमलेश मुरझानी, रवि वर्मा, जगदीस सतोइया, बेलिम जैन, प्रिंस ठक्कर, राजेन्द्र राठौर, अजय ठाकुर, उमेश वर्मा, राजेश जैन, शुभम भंडारी, अभिषेक गावडे, राकेशसिंह तोमर, दीपक कासलीवाल, ललिता वर्मा, राधेश्याम चौहान, अनिल भूतडा, राजिक खान, आनंद सोनी, केपी सिंह, अनिल खरे, संजय राठौर, नितिन यादव, अनिल जैन को प्रभारी नियुक्त किया है।









# निगम ने शुरू किया अतिक्रमण मुक्त अभियान

## प्रशासन और पुलिस का भी मिला सहयोग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

दो दिन पहले महापौर ने अधिकारियों के साथ बैठक लेकर तीन मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्णय लिया था और कल निगम ने इसके लिए चेतावनी के रूप में अलाउंस भी किया था। आज सुबह से निगम की टीम ने सबसे पहले सेन्ट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र के एमटीएच कम्पाउण्ड क्षेत्र से कार्रवाई शुरू की। कई ठेले ऐसे थे जो रात को लगाने के बाद खड़े कर दिए गए थे उन्हें भी निगम ने आज जब्त कर लिया। कई अतिक्रमण जिनमें पतरे और साइबान बाहर तक निकले थे उन्हें भी हटाया गया। कई गाड़ियों को भी पुलिस ने आज जब्त किया। भारी संख्या में ठेले और गुमटियां नगर निगम उठा ले गई। इस दौरान बड़ी तादाद में पुलिसबल लगा रहा और निगम व प्रशासन की टीम भी मौजूद रही। उल्लेखनीय है कि कृष्णपुरा मृगनयनी से रीगल तक और इधर नसिया, एमटीएच होकर रिव्हर साइड रोड कृष्णपुरा तक और इधर राजमोहल्ला से जवाहर मार्ग व राजवाड़ा तक के तीन मार्गो को अतिक्रमण मुक्त की प्राथमिकता दी, जिसकी कार्रवाई आज सुबह से एमटीएच क्षेत्र से शुरू हुई, जो आगे की ओर बढ़ रही है। सुबह 11 बजे से राजमोहल्ला पेट्रोल पम्प से भी अतिक्रमण मुक्त की मुहीम शुरू कर दी गई। उधर मृगनयनी से भी कार्रवाई प्रारम्भ हो गई।

## जनता की समस्याओं को सार्वजनिक किया जाए -कांग्रेस

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आनन्द जैन ने कहा कि जनविश्वास अभियान में बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर घोषणा की गई है, लेकिन जनता के सवाल अनुत्तरित है। बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। जैन ने सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार यदि वास्तव में जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर है तो जन-विश्वास अभियान के तहत इंदौर में प्राप्त आवेदनों और उनके निराकरण का पूरा ब्यौरा सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा है? यह बताया जाए कि अभियान में कितने आवेदन आए, कितनी समस्याओं का निराकरण किया गया, कितने आवेदनों का समाधान मौके पर किया गया और कितनी जगह अधिकारियों को भेजकर खानापूर्ति की गई। अभियान में विधायक, मंत्री और अधिकारी समस्याएं सुन रहे हैं, लेकिन सुनवाई के बाद समस्या का हल क्या हुआ इसका किसी को पता नहीं है, क्या इस अभियान में केवल आवेदन लेना ही काफी है। पूरा मामला सार्वजनिक होना चाहिए, जनता जनार्दन को रिकार्ड देना चाहिए। इसका पोर्टल बनाकर आवेदन निराकरण और लाभार्थियों की पूरी सूची पोर्टल पर जारी करना चाहिए, जिससे जनता खुद देख सके कि उनकी समस्याओं का कितना निराकरण हुआ है, जनता को प्रचार नहीं परिणाम चाहिए।

## माहेश्वरी समाज की मातृशक्तियां कर रही है उपवास

### आज सातुड़ी तीज और चौथ पर किया जा रहा है आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आज माहेश्वरी समाज की मातृशक्तियां सातुड़ी तीज का पर्व उपवास रख कर रही है। आज के पर्व के लिए दो से तीन दिनों में सत्तू पकवान बनाए गए थे, इनमें चना, गेहूं और चावल के सत्तू में शुद्ध घी और मेवा का जमकर उपयोग किया गया। आज चन्द्रमा का पूजन और अर्घ्य देने के बाद इन सत्तू मिठाई का सेवन किया जाएगा और परिजन साथ में बैठकर भोजन भी करेंगे। आज तीज के साथ चौथ माता का भी उपवास किया जा रहा है, दोनों तिथि एक साथ आई है।



## रेलवे स्टेशन पर नजर आई जमकर भीड़

**राखी के बाद कल रविवार को अपने मुकाम पर लौटने वालों को हुई परेशानी**

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** त्योहारों पर सबसे पहले भीड़ रेलवे स्टेशन पर बढ़ती है, ज्यादातर लोग आवाजाही के लिए रेल यातायात को चुनते है। ऐसे में ट्रेनों में भीड़ होना स्वाभाविक है। कल राखी मनाकर वापस अपने घर, आफिस और मुकाम पर लौटने वालों की भीड़ रेलवे स्टेशन पर नजर आई। खासतौर पर प्लेटफार्म नं. 5-6 पर ज्यादा भीड़ इसलिए नजर आई, क्योंकि यहां सीढ़ियों का प्लेटफार्म पर जाने के लिए उपयोग करना पड़ता है। ऐसे में सीढ़ियों पर लम्बी कतार लग जाती है, लिफ्ट का तो जिन्हें अतिआवश्यक होता है वे ही उपयोग करते है। लिफ्ट के लिए तो लम्बी कतार लग जाती है। राखी शुक्रवार को थी जिसके बाद वीकेंड होने के कारण शनिवार और रविवार को भी लोगों ने इसका फायदा लिया और कल शाम को अपने मुकाम लौटे। इधर सोशल मीडिया पर रेलवे स्टेशन की भीड़ के वीडियो वायरल हुए है। लोगों ने सीढ़ियों के आसपास आरपीएफ की तैनाती की मांग भी की है।

## जंजीर वाला से लक्ष्मी मेमोरियल तक की सड़क 2 माह में पूरा करने के निर्देश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने जंजीर वाला चौराहा से लेकर लक्ष्मी मेमोरियल तक की सड़क को 2 महीने में पूरा करने के निर्देश दिए हैं।**

भार्गव ने जंजीरवाला चौराहे से लक्ष्मी मेमोरियल होते हुए अटल द्वार तक बनने वाली सड़क का निरीक्षण किया गया। भार्गव द्वारा संबंधित एजेंसी को आगामी दो माह में जंजीरवाला चौराहा से लक्ष्मी मेमोरियल हॉस्पिटल तक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के लिए ठेकेदार एजेंसी को यह कहा गया है कि वह रात में भी काम करें।



इस तरह से 24 घंटे काम करते हुए काम को जल्दी पूरा करें।

महापौर ने अन्य जरूरी कार्यों की भी जानकारी ली। सड़क के साथ वॉटर लाइन, सीवरेज, केबलिंग और विद्युत संबंधी काम भी किए जा रहे हैं, ताकि भविष्य में सड़क खोदने की नौबत नहीं आए। इस सड़क के निर्माण को लेकर लंबे समय से तैयारी और कवायद चल रही थी। अब निर्माण कार्य लगभग पूर्ण होने की स्थिति में है। महापौर ने अधिकारियों और ठेकेदार को शेष काम तेजी से पूरा करने तथा निर्माण की गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता नहीं करने के निर्देश दिए।

## इलाज में नहीं मिल रही है गरीबों को सहायता-कांग्रेस

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया ने कहा कि शासन द्वारा गरीबों के इलाज के लिए सहायता राशि दी जाती है, कई प्रकरण ऐसे दिख रहे हैं जिनमें सहायता राशि के लिए गरीबों को भटकना पड़ रहा है, यहां तक कि 25 हजार की मदद के लिए भी गंभीर मरीज परेशान हो रहे हैं। चौरसिया ने कहा कि दिग्विजय सिंह सरकार के समय गरीबों के लिए बीमारी सहायता कोष शुरू किया गया था। पूर्व की सरकारें भी सहायता दे रही थी, लेकिन अभी मरीजों को सहायता नहीं मिल रही है। चौरसिया ने यहां तक कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधि भी गरीबों को सहायता के प्रकरण भेज रहे हैं, फिर भी सहायता नहीं मिल रही है, जनप्रतिनिधि भी बेबस है, जबकि शासन द्वारा डेढ़ लाख से 20 लाख की चिकित्सा सहायता का प्रचार किया जा रहा है। कई मरीजों को मंत्रालय के भी चक्कर लगाना पड़ रहे हैं, विधायकों से फोन लगवाना पड़ रहे हैं।

# कई समाज कर रहे हैं कजरी तीज पर आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आज सावन के बाद भादव पक्ष की तीज पर कई समाज अलग-अलग तीज पर आयोजन कर रहे हैं, जहां सिंधी समाज की मातृशक्तियां तिजड़ी माता का पूजन करते हुए व्रत रखे हुए हैं। वहीं माहेश्वरी समाज की महिलाएं सातुड़ी तीज और चौथ का व्रत एक साथ कर रही है। आज अलग-अलग समाजों की मातृशक्तियां अपने पति की लम्बी उम्र की कामना और परिवार की खुशहाली को लेकर व्रत कर रही है। आज कजरी तीज पर खासतौर से पति के स्वस्थ और दीर्घायु के साथ सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना की जाती है, आज चौथ माता का पूजन भी किया जा रहा है और भगवान गणेशजी का पूजन भी हो रहा है। अखंड सौभाग्य की कामना की जा रही है। माता पार्वती का भी पूजन हो रहा है और हर मातृशक्ति शाम को कथावार्ता सुनकर चन्द्रमा का पूजन उदय होने पर करेगी और अर्घ्य देने के बाद दिन भर के उपवास को पूर्ण कर भोजन ग्रहण करेंगी। आज संयोग से तीज के साथ चौथ का व्रत भी शामिल है जिसे आज बहुला चौथ कहा जा रहा है, आज इस चौथ पर माताएं भी व्रत रख रही है और अपनी संतान की लम्बी उम्र की कामना और पति की लम्बी उम्र की कामना की जा रही है। कई समाजों में आज गौ पूजन भी किया जा रहा है। कुछ समाजों ने भगवान कृष्ण का तो कुछ ने माता पार्वती, तो कुछ भगवान गणेशजी का पूजन किया। तीज की तिथि कल रात से ही शुरू हो गई थी, लेकिन चतुर्थी की तिथि आज सुबह 8.30 बजे से शुरू हुई। इसलिए तीज और चतुर्थी दोनों एक साथ आज मातृशक्तियां कर रही है और व्रत के माध्यम से ये मातृशक्तियां पति, परिवार की खुशहाली की कामना भी प्रभु से कर रही हैं। कई संस्थानों ने आज दोपहर में व्रती महिलाओं के लिए कार्यक्रम भी आयोजित किए हैं।

# महापौर को भी नेहरू पार्क पूल के शुभारंभ का इंतजार

## पहाड़िया से बोले- पूल चालू करो, मैं खुद पहला गोता लगाने आऊंगा; 4 करोड़ खर्च बनाया नया स्विमिंग पूल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

शहर के सबसे पुराने और लोकप्रिय सरकारी स्विमिंग पूल में शामिल नेहरू पार्क का नया स्वरूप तैयार होने के बावजूद अब तक आम लोगों के लिए नहीं खुल पाया है। करीब 4 करोड़ रुपए की लागत से पुराने पूल का पुनर्निर्माण और आधुनिकीकरण किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम में 16 अगस्त को इसके लोकार्पण की तैयारी थी, लेकिन अंतिम समय में कार्यक्रम टल गया। अब महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी इसके शुभारंभ का इंतजार कर रहे हैं। शनिवार को एक कार्यक्रम में महापौर और एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया आमने-सामने हुए। इसी दौरान पूल शुरू करने की मांग उठी तो महापौर ने पहाड़िया से कहा- 'पूल चालू करो, मैं खुद पहला गोता लगाने आऊंगा।' महापौर के मुताबिक तैराकी संघ और नियमित तैराकों की ओर से भी पूल जल्द शुरू करने के लिए लगातार पत्र मिल रहे हैं।

### 1957 में बना था तरणताल

**नेहरू पार्क का मूल स्विमिंग पूल जून 1957 में शुरू हुआ था, यानी यह करीब 69 साल पुराना है। समय के साथ ढांचा जर्जर होने के कारण निगम ने पुराने पूल को हटाकर नया निर्माण करने का फैसला लिया। 2024 में इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हुई और बाद में करीब 4 करोड़ रुपए की परियोजना पर काम हुआ।**

### अप्रैल 2025 में पूरा होना था काम

नए पूल का काम पूरा करने की पहली डेडलाइन अप्रैल 2025 रखी गई थी, लेकिन काम समय पर पूरा नहीं हुआ। इसके बाद दिसंबर 2025, जनवरी, मार्च, जून और अगस्त 2026 तक अलग-अलग समयसीमाएं सामने आती रहीं। जुलाई में पूल में करीब दो लाख गैलन पानी भरने और डाइविंग टावर तैयार होने की जानकारी दी गई थी। इसके बावजूद 16 अगस्त का प्रस्तावित लोकार्पण नहीं हो सका।

### नए पूल में आधुनिक सुविधाएं

नए पूल में आधुनिक फिल्ट्रेशन सिस्टम, वाटरप्रूफ टाइल्स, नई लाइटिंग और डाइविंग टावर बनाया गया है। डाइविंग के लिए तीन बोर्ड और 10 मीटर का हाई बोर्ड, पुरुष-महिला चेंजिंग रूम, शॉवर रूम, दर्शक दीर्घा, जिम और लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं भी प्रस्तावित हैं। इसे राष्ट्रीय स्तर की तैराकी और डाइविंग प्रतियोगिताओं के अनुरूप विकसित करने का दावा है। नेहरू पार्क पूल से कई तैराक और डाइवर्स निकले हैं। ऐसे में खिलाड़ियों के साथ आम नागरिक भी इसके दोबारा खुलने का इंतजार कर रहे हैं। अब सवाल यही है कि 4 करोड़ खर्च होने के बाद पूल की अगली उद्घाटन तारीख कब तय होती है।



# चांदी-सोना दलाल एसोसिएशन के चुनाव में विजेताओं का सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इंदौर चांदी-सोना जवाहरात दलाल एसोसिएशन के चुनाव एमओजी लाइन स्कूल में हुए। चुनाव अधिकारी गोपालदास नीमा एवं महेंद्र पाटीदार ने बताया कि कुल 167 मतदाता में से 166 मतदाता ने वोट दिए। सराफा विकास पेनल के 10 उम्मीदवार एकतरफा विजयी हुए, जिनमें दिलीप नीमा, मयंक सुभाष गोयल, कृष्ण गोपाल छापरवाल, नवीन ठाकुर, पवन वर्मा, सुनील बडेरिया, हंसराज बूब, मुकुल लाहोकरे, अमित नीमा प्रमुख है। जैसे ही चुनाव अधिकारी ने इनके विजेता की घोषणा की वैसे ही विजेताओं को बधाई मिली। इस अवसर पर हुकम सोनी अविनाश शास्त्री, बसंत सोनी, अजय लाहोटी, निर्मल वर्मा घुंघरू, अशोक शर्मा सहित व्यापारी एवं दलाल उपस्थित थे।

# नीमा विकास संगठन में पद की जिम्मेदारी





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री दशा नीमा विकास संगठन की नवीन कार्यकारिणी निर्विरोध रूप से चुनीं गयी। जिसमें सर्वानुमति से आगामी सत्र के लिए पदाधिकारी का चयन किया गया। संयोजक तुषार नीमा, अध्यक्ष अमित नीमा, उपाध्यक्ष सुधीर नीमा, मंत्री निलेश नीमा, सहमंत्री नीरज नीमा, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र नीमा, प्रचार मंत्री सुनील गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक पीयूष नीमा, कार्यकारिणी सदस्य संजय नीमा, रितेश नीमा, पंकज नीमा, नितिन नीमा, ब्रजेश नीमा, मनीष नीमा, अजय नीमा, अमित गुप्ता, नर्सिंग नीमा चुने गए। इन सभी को समाजजनों ने बधाई दी।

# भुजरिया पर्व पर विजेताओं को शील्ड

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

वाल्मीक पंचायत एवं अखिल भारतीय वाल्मीक समाज विकास परिषद् म.प्र. के संयुक्त तत्वावधान में भुजरिया पर्व पर राजवाड़ा पर वाल्मीकि बस्तियों से आए गोगादेवजी के झंडे-निशान पर श्रेष्ठ निशानों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम और द्वितीय को शील्ड भेंट की गई। विरेन्द्रसिंह लोट, नवीन चीराउंडे, आदित्य प्याल, राहुल राठौर, नीरज चौहान की मौजूदगी में अशोक गोहर, छगनलाल बिलरवान के निशान को प्रथम-द्वितीय के रूप में पुरस्कार दिया गया। रवि सुनहरे, शुभम वर्मा, कुलदीप जाटव, नितिन टकोरिया, कृष्णा यादव, ऋषभ बलोदरा, मयूर झांझरिया, रोहित राठौर, अनिल बिलरवान, दीपक रायकवार, मोनिका जोशी, भावना गुप्ता, माला प्याल, वर्षा बिलरवान, निर्मला लोट, भावना राठौर, तारा देवी लोट, यश तम्बोली, सौरभ डागर, सोनू, अंश, सौरभ, निखिल, उज्जवल तम्बोली, ऋतिक बलोदरा, इन्दु पारोचे सहित अन्य मौजूद थे।



# रजत रथ पर यात्रा के दौरान होंगे भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन, यादव समाज ने की बड़ी बैठक



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

जन्माष्टमी 4 सितम्बर को बड़ा गणपति से जेल रोड तक यादव समाज द्वारा बड़ी शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें झांकी, बैंड, राजस्थानी कालाकार, भजन मंडली आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। वहीं इस बार फूलों से श्रृंगारित रजत रथ पर संवार होकर भगवान श्रीकृष्ण श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। इस रथ को यादव समाजजन आगे की ओर लेकर चलेंगे। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह स्वागत होगा। कई जगह साबूदाना खिचड़ी सहित खाद्य और पेय पदार्थ का वितरण होगा। बड़ी संख्या में मातृशक्तियां भी शामिल होंगी। बुजुर्ग, युवा और बच्चे भी भगवान कृष्ण के जयकारे इस यात्रा में लगाएंगे। यात्रा के संरक्षक दीपू यादव ने बताया कि यात्रा को लेकर समाज में उत्साह है और कल बड़ी बैठक भी आयोजित की गई। यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व केन्द्रीय अरुण यादव को भी निमंत्रण दिया गया है। कल हुई बैठक में दीपू यादव, रमेश उस्ताद, नरेश यादव, मुन्नालाल यादव, सुभाष यादव, श्याम यादव, कुल्लन यादव, बब्बू यादव, सदाशिव यादव काका, विनीतीका यादव, सुषमा यादव, कविता यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# 40 वाहनों पर पुलिस ने की कार्रवाई

## कहीं क्रेन से उठाया तो कहीं व्हील लॉक लगाया, अनाउंसमेंट भी किया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



यातायात पुलिस की टीम ने स्कीम नंबर-140 मार्ग पर नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान ऐसे वाहन चालक जिन्होंने सड़क किनारे वाहन खड़े कर यातायात के सुचारू संचालन में बाधा उत्पन्न की। कुल 40 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही क्रेन सपोर्ट टीम के माध्यम से नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर व्हील लॉक की कार्रवाई भी की गई। यातायात पुलिस द्वारा केवल कार्रवाई ही नहीं, बल्कि वाहन चालकों एवं दुकानदारों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया। माइक अनाउंसमेंट के माध्यम से अपील की गई कि नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़े न करें।



# माहेश्वरी समाजजनों ने अमेरिका में किया तीज सिंजारा

## इंदौर की आकांक्षा नागोरी बनी तीज क्वीन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** माहेश्वरी महासभा ऑफ नॉर्थ अमेरिका ने तीज सिंजारा का आयोजन किया। इसमें प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इंदौर के चेतन नागोरी की बहू आकांक्षा नागोरी को तीज क्विन के खिताब से नवाजा गया। आकांक्षा नागोरी के 'तीज क्वीन' बनने पर माहेश्वरी नार्थ आफ अमेरिका एवं माहेश्वरी समाज शिकागो द्वारा बधाई दी गई और सोशल मीडिया पर जब इसकी जानकारी अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी समाज सहित अन्य को लगी तो उन्होंने भी बधाई दी।

# स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श शिविर

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** श्री दामोदर सेवा मंडल द्वारा हास्पिटल एचसीजी कैंसर अस्पताल एवं डॉ. अग्रवाल नेत्र अस्पताल के साथ स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर टेकचंद धर्मसाला में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगाया गया। कई तरह की जांच की गई। कम कीमत में चश्मों का वितरण भी किया। नरेन्द्र बजाज, कृष्ण गोयल, यादवलाल सोलंकी, ओम प्रकाश सारंग, सुरेश परमार, सुधीर सोलंकी, ओमप्रकाश सोलंकी, महेश चावड़ा, शांतिलाल पवार, निलेश सोनगरा, सुभाष सोनगरा, राधे परिहार, जितेंद्र नायक, गोपाल चौहान, सोनू पवार, जीतमल चौहान, विप्लव चौहान, राजेश गोयल, संतोष चौहान, संतोष सोलंकी सेवा कार्य में मौजूद थे।





# जैन समाजजनों की रही प्रवचन के लिए दलाल बाग में भीड़

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में दलाल बाग में राष्ट्र संत सुधासागर म.सा. के प्रेरक आशीवर्चन सुनने रोज जैन समाजजन पहुंच रहे है। कल रविवार को बड़ी संख्या में प्रवचन के लिए आस्था की दरकार दिखाई दी। मातृशक्तियां भी पहुंची। नवीन-शिवानी गोधा, प्रिंसपाल टोंग्या, हर्ष-तृप्ति जैन, आकाश-दीपिका जैन, अशोक डोसी, विजय पाटौदी, अक्षय कासलीवाल, डॉ. शरद शास्त्री, सौरभ बडजात्या, विजय कासलीवाल, भूपेंद्र भोपाली, विजय जैन ने भी सभा की व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया। प्रचार प्रमुख संजय पाटोदी ने उक्त जानकारी दी।

# दिव्यांगजनों का सम्मान समारोह



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** पुष्पा पिसोलकर फाउंडेशन द्वारा प्रेस क्लब में आयोजित दिव्यांग शिक्षक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में 95 विभिन्न शिक्षकों व दिव्यांग विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। आर.के. काबरा, प्रतीक श्रीवास्तव, आधारसिंह चौहान, अनिता शर्मा, मोनिका पुरोहित, मुन्नालाल शर्मा, अंजना बुराणी,संतोष मोहंती ,ज्ञानेंद्र पुरोहित, शफी मोहम्मद शेख, राधेश्याम माहेश्वरी, अभिषेक काबरा ,पार्षद राजेश जैन, अंजना गोरानी,निशा पासी, डॉ राजश्री नरवरे, संजय लोखंडे मौजूद थे।

# सिंधी समाज कर रहा है तिजड़ी माता की आराधना

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सिंधी समाज की मातृशक्तियों ने आज सुबह से तिजड़ी माता के जयकारों के साथ अपना निर्जला व्रत शुरू किया। ज्यादातर घरों में आज तिजड़ी माता को झूला झुलाया जा रहा है। पंडित के घर पहुंचकर तिजड़ी माता का पूजन अर्चन भी किया जा रहा है। सिंधी समाज के कई ग्रुप ने आज दोपहर से कई आयोजन मातृशक्तियों के लिए किए हैं, कल महिलाओं ने मेहंदी भी लगाई थी और आज सुबह 4 बजे हलका व्यंजन ग्रहण करने के बाद स्नान किया और पूजा स्थल की सफाई भी की और अपना निर्जला व्रत शुरू किया। आज शाम से पूजा आराधना और कथा सुनने के बाद चन्द्रमा के दर्शन कर अर्घ्य देने के बाद व्रत पूरा होगा और फिर भोजन ग्रहण किया जाएगा। आज सुबह से सिंधी बाहुल्य क्षेत्रों में मातृशक्तियां पूजन कर रही है। आज दोपहर में कई प्रतियोगी और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी मातृशक्तियां करेंगी। उक्त जानकारी चांदनी नरेश फुंदवानी ने दी।





# सरयूपारीण ब्राह्मण समाज महिलाओं का मिलन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सरयूपारीण ब्राह्मण समाज महिला समिति द्वारा होटल में कजरी तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कजरी गीतों का आयोजन भी हुआ। पारम्परिक परिधानों में मातृशक्तियों ने गीत-संगीत, नृत्य, तंबोला एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सम्पदा मिश्रा, उषा मिश्रा, रश्मि तिवारी, सरिता दुबे, पूनम शुक्ला, इन्दु पाण्डे, गीता शुक्ला, प्रगति तिवारी, सुधा शुक्ला, विनीता तिवारी, संतोषी दुबे, अर्चना मिश्रा, वंदना उपाध्याय, ममता पांडे आदि मातृशक्ति उपस्थित थी।

# चिकित्सा सेवा अवार्ड से 24 चिकित्सकों का सम्मान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सत्कार कला कल्याण समिति ने 24 चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. सुनीता मिश्रा, डॉ. सुबोध बांझल, डॉ. यामिनी गुप्ता, डॉ. परविंदर लुबाना, डॉ. नरेन्द्रसिंह बोराना, डॉ. आशीष गर्ग, डॉ. तृषा अग्रवाल, डॉ. रविन्द्र काले, डॉ. रूबिना वोहरा, डॉ. दीपक बंसल, डॉ. एएल शर्मा, डॉ. अनिल दशोरे, डॉ. सिद्धान्त जैन, डॉ. हमीरसिंह राठौर, डॉ. डीके शर्मा, डॉ. दीप्ति सक्सेना, डॉ. अनिल बक्षी, डॉ. मधुसूदन मंडलोई, डॉ. आनन्द मानधन्या, डॉ. परेश सोधियां, डॉ. प्रणव महाजन, डॉ. सिद्धार्थ जैन, डॉ. वीरेन्द्र वर्मा, डॉ. अंकुर गुप्ता, डॉ. अशोक शर्मा को डॉ. एसके मुखर्जी स्मृति राष्ट्रीय चिकित्सा सेवा अवार्ड से सम्मानित किया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति श्री विवेक रूसिया, प्रो. कोस्तुभ आरएस प्रियोलकर, डॉ. सुरेन्द्र दिल्लीवाल, कैलाश मुंशी, पुरुषोत्तम वाघमारे, डॉ. सरिता राव, विजय पारेख, प्रीति दुबे मौजूद थे।






# युवाओं को कुसंगति से बचाना जिम्मेदारी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** संकल्पमय चातुर्मास के अंतर्गत नरसिंह वाटिका में अनुष्ठान आराधिका साध्वी डॉ. कुमुदलता म.सा. के सान्निध्य में आयोजित धर्मसभा में कल रविवार को नशामुक्ति, संस्कार और धर्म के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। देश में युवाओं की संगति को लेकर विशेष सावधानी बरतने की बात कही। माता-पिता को बच्चों की संगति, दिनचर्या और मित्रों को लेकर जागरूक रहना चाहिए। साध्वी ने हिंसा एवं व्यसन से जुड़े व्यवसायों से दूर रहने की प्रेरणा दी। साध्वी पद्मकीर्ती म.सा. ने जैन दिवाकर चालीसा का सामूहिक गान कराया। इसके बाद साध्वी महाप्रज्ञा म.सा. ने भावपूर्ण भजन प्रस्तुत कर धर्मसभा का वातावरण भक्तिमय बना दिया। संस्कार पाठशाला में 700 बच्चों की सहभागिता हुई। प्रवचन के दौरान भी बडी संख्या में जैन समाजजन मौजूद रहे। उक्त जानकारी प्रकाश जैन भटेवरा ने दी।





# कसेरा बाजार स्कूल के अध्यापकों ने मनाई पिकनिक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल स्कीम नं. 71 के विद्यार्थियों के लिए जहां चार अलग-अलग ट्रीप का आयोजन किया था, वहां अध्यापकों ने अपना दायित्व निभाया था। अध्यापकों के लिए अलग से मनोरंजन पिकनिक का आयोजन सिमचा रिसोर्ट पर किया गया। भूत महल, बर्फ महल और जम्पिंग से लेकर रस्सी खींच और रेन डांस से लेकर सामान्य डांस और साइकल चलाने से लेकर अन्य आयोजन में अध्यापकों ने शिरकत की। प्राचार्य, उपप्राचार्य और संस्था अध्यक्ष सहित अध्यापक एवं अन्य भी मौजूद रहे।

## जन्माष्टमी पर तीन दिवसीय आयोजन गौर निताई समिति करेगी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गौर निताई नामहट्ट सेवा समिति द्वारा तीन दिवसीय भगवान कृष्ण की जन्माष्टमी पर आयोजन राठौर धर्मशाला अंतिम चौराहा पर किया जाएगा। इस छठे वर्ष में भी इस महोत्सव में अलग-अलग धार्मिक कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम की शुरूआत 3 सितम्बर से होगी और आयोजन 5 सितम्बर तक चलेगा। श्रीमंत माइती, राजू भैया, पिन्टू नायक, अनूप जाना, उत्तम माइती एवं विमल बैरा ने बताया कि मुख्य आयोजन 4 सितम्बर को कृष्ण जन्मोत्सव का होगा। मातृशक्तियां अपने घरों से लड्डू गोपाल लेकर महोत्सव में शामिल होंगी और नन्दोत्सव मनाया जाएगा। 3 सितम्बर की शाम 4 बजे से अभिषेक महोत्सव होगा। 4 सितम्बर को जन्मोत्सव व नन्दोत्सव, 5 सितम्बर को भी आयोजन होंगे। तीन दिनों तक शाम को राठौर धर्मशाला में प्रसादी का आयोजन भी किया जाएगा। परिवार सहित समिति के सदस्य शामिल होंगे।

## 51 शिक्षकों का होगा सम्मान

### शिक्षकों की भूमिका पर संगोष्ठी का आयोजन भी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट एवं सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में 51 शासकीय शिक्षकों को राष्ट्र निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए 'शिक्षक गौरव अलंकरण' से सम्मानित किया जाएगा। प्रकाश मानावत ने बताया कि शासकीय स्कूल सिरपुर धार रोड में 3 सितम्बर को सुबह 11 बजे से होने वाले कार्यक्रम में 'राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका' विषय पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा।

## अग्र मंच करेगा दुग्धाभिषेक आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्था अग्रमंच द्वारा अग्रसेन जंयती के उपलक्ष्य आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का शुभारंभ अग्रसेन चौराहा स्थित महाराजा श्री अग्रसेन की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक 20 सितम्बर को प्रातः 11.30 बजे किया जावेगा। आशीष गोयल ने बताया कि प्रतिमा स्थल को फूलों एवं विद्युत सज्जा से श्रृंगारित किया जावेगा।



## अग्रबंधुओं ने लगाए पौधे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री अग्रसेन महासभा द्वारा एस.एस. लॉजिस्टिक पार्क में 500 पौधों का पौधारोपण किया गया। अरविन्द बागडी, राजेश बंसल, राजेश जिंदल, अनूप अग्रवाल, एसएन गोयल, राजेश चौधरी मित्तल, अशोक अग्रवाल, सतीश गुप्ता, त्रिलोकचंद अग्रवाल, अखिलेश गोयल मेमदीवाले, पंकज मित्तल सहित अन्य मौजूद थे।

# सिंधी पंचायत ने किया मेधावी छात्रों का सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जेकब आबाद जिला सिंधी पंचायत से जुडे सिंधी समाज के पदाधिकारियों ने 200 मेधावी छात्रों के सम्मान का आयोजन किया। राजा माधवानी, डॉ. जयकुमार परियानी, कमल कस्तूरी, कंचन गिदवानी, राजेंद्र सचदेव, गोपालदास परियानी, मुकेश सचदेव, दीपचंद चावला, सच्चानंद कामोरा, महेश राजपाल, सच्चानंद वाधवानी, लालचंद वाधवानी,



वासुदेव हरगुनानी, जयेश दास. जयपालदास बजाज, लालचंद वाधवानी, राकेश पंजवानी, विशाल गिदवानी, किशोर सेवानी, नंदलाल झामवानी, मंशाराम राजानी, किशोर कोडवानी, मनीष देवनानी, नंदलाल खथुरिया, कमल आहूजा, धनेश मटाई, गोविंद रुपाणी, गिरधारीलाल गुरेजा उपस्थित थे। अतिथि सांसद शंकर लालवानी थे।

## मालवा निमाड़ में 1.23 लाख नए बिजली कनेक्शन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा जारी कैलेंडर वर्ष में पिछले आठ माह के दौरान 1.23 लाख से नए बिजली कनेक्शन जारी किए गए है। यह पिछले वर्ष से करीब सवा नौ प्रतिशत ज्यादा है। कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि इंदौर राजस्व संभाग में करीब 75 हजार कनेक्शन जारी हुए है। इंदौर जिले में 36 हजार से अधिक कनेक्शन जारी हुए है। उज्जैन जिले में 10700 कनेक्शन जारी हुए हैं। बिजली कंपनी क्षेत्र के अन्य इलाकों में खरगोन जिले में 10560, धार जिले में 9000, बड़वानी जिले में 8300, रतलाम जिले में 7720, खंडवा जिले में 7200, देवास जिले में 6250 नए बिजली कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। ये बिजली कनेक्शन आन लाईन, आफ लाईन दोनों प्रकार से कनेक्शन आवेदन पर उपलब्ध कराए गए हैं।




## अमृत महोत्सव पर पौधारोपण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। डॉ. शरद पंडित के जीवन के 75 वर्ष अवसर पर उनके परिवार और मित्रगण ने मिलकर 'शरदामृत' का आयोजन किया। 103 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नरेंद्र सिंह तोमर के हाथों भी एक पौधा रोपित किया गया। डॉ. शरद पण्डित और बाकी सभी लोगों ने मिलकर 75 पौधे लगाए। मेहमानों को भी 75 पौधे स्मृति-चिन्ह के रूप में भेंट किए गए।



## पौधारोपण कर रक्षा सूत्र भी बांधे

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पर्यावरण प्रेमी मंच के सदस्यों ने हुकुमचंद मिल परिसर में प्राकृतिक रूप से विकसित पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। 11 पौधों का रोपण भी किया गया।**

# फास्ट फॉरवर्ड मोड पर आ खड़ा हुआ है संगीत

### जयपुरी ब्रदर्स शाहरुख एवं वसीम जयपुरी 'रूबरू' कार्यक्रम में

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जयपुर घराने की चौथी पीढ़ी के गायक और जयपुरी ब्रदर्स फ्यूजन म्यूजिक बैंड के शाहरुख़ जयपुरी एवं वसीम जयपुरी का मानना है कि इन्टरनेट की दुनिया का गहरा असर संगीत जगत पर भी पड़ा है। संगीत के नए दौर में युवा पीढ़ी पुराने गीतों को नए अंदाज में सुनना पसंद कर रही है। स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के रूबरू कार्यक्रम में शाहरुख जयपुरी एवं वसीम जयपुरी ने कहा कि पुराने दौर में संगीत के लंबे आयोजनों को रसिक श्रोता जाजम पर बैठकर सुना करते थे लेकिन अब वक्त बदल गया है। संगीत के कार्यक्रम और लाइव कंसर्ट में हजारों युवा खड़े होकर म्यूजिक का आनंद लेते हैं। मनचाहे



रीमिक्स और गीतों पर जमकर नाचते-झूमते हैं। उन्होंने कहा कि पुराने गीतों को नए अंदाज में पेश करना म्यूजिक डायरेक्टर्स के लिए वक्त की जरूरत बन गया है। धुरंधर जैसी फिल्मों के गीत इस बात का उदाहरण हैं। दोनों भाइयों ने बताया कि इन्टरनेट की दुनिया ने म्यूजिक वर्ल्ड को फ़ास्ट फॉरवर्ड मोड पर ला खड़ा किया है। यंग जनरेशन पूरे गीतों को सुनने की बजाए एक मिनट की रील को देखना-सुनना पसंद कर रहे हैं। पीढ़ी दर पीढ़ी म्यूजिक की श्रोता भी स्मार्ट वर्जन में ढल रहे हैं। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि सुनने वालों ने भी अपनी पसंद के मुताबिक कैटेगरी तय कर ली है। कोई क्लासिकल म्यूजिक सुन रहा है तो कोई ग़ज़ल। कोई भजन पसंद कर रहा है तो कोई सूफ़ी संगीत। जहाँ अच्छा संगीत हो रहा है वहां श्रोता जरूर पहुँच रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का संगीत क्षेत्र में बढ़ते इस्तेमाल पर उन्होंने कहा कि एआई का दखल संगीत कलाकारों के लिए बड़ा नुकसान साबित हो सकता है। एआई की वजह से असली कलाकार की काबिलियत प्रभावित हो रही है। संगीत अभ्यास और भावनाओं का नाम है जिसे किसी भी तकनीक से संपूर्ण नहीं किया जा सकता। शाहरुख़ एवं वसीम जयपुरी ने बताया कि उनके कई गीत लोकप्रिय हुए हैं और उनका फ्यूजन म्यूजिक बैंड देश-दुनिया में जाना जा रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में कैलाश खेर के ओ री सखी मंगल गाओ, नुसरत फ़तेह अली खां के पिया रे पिया रे, छाप तिलक और अमीर खुसरों के गीतों का कवर वर्जन जारी करेंगे। उन्होंने इंदौर घराने की संगीत परम्परा को सलाम करते हुए बताया कि उनके परदादा उस्ताद सिकंदर खां साहब जयपुर दरबार के राजगायक रहे हैं। आज भी जयपुर महल में उनका चित्र सुशोभित है। उनके दादा अजीज़ खां साहब देश के जाने-माने तबला नवाब रहे हैं। हम हर साल उनकी बरसी पर फ़रवरी माह में उदयपुर में गायन-वादन और ग़ज़ल की महफ़िल आयोजित करते हैं। उनके पिता उस्ताद राशिद अहमद जयपुरी जाने-माने संगीतकार हैं और उनके चाचा भी संगीत से जुड़े हैं।



# पलासिया क्षेत्र में मल्टीलेवल पार्किंग का काम कब होगा पूरा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पलासिया क्षेत्र में लंबे समय से बन रही बहु मंजिला आधुनिक मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण का कार्य आखिर कब पूरा होगा। इसको लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्र के रहवासी और व्यापारियों का कहना है कि करोड़ों रुपए की लागत से बन रही मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण पिछले डेढ़ साल से भी ज्यादा समय से चलने के बावजूद अभी तक पूरा नहीं हुआ। 6 माह पहले महापौर पुष्पमित्र भार्गव और एमआईसी सदस्य राजेश उदावत और क्षेत्रीय पार्षद मुद्रा शास्त्री की मौजूदगी में अधिकारियों ने दावा किया था कि बचे हुए निर्माण कार्य और इलेक्ट्रिक फीकेशन के कार्य जल्द पूरे कर हर हाल में अप्रैल माह तक पार्किंग आमजन के लिए शुरू कर दी जाएगी, लेकिन अब हालात यह है कि अगस्त माह भी आधे से ज्यादा बीतने के बाद भी अभी तक मल्टीलेवल पार्किंग शुरू नहीं हो पाई। यही नहीं अभी भी यहां निर्माण कार्य जारी है। वही अभी भी स्थिति क्लियर नहीं है कि आखिर यह मल्टी लेवल पार्किंग कब शुरू होगी।

**150 टू व्हीलर और डेढ़ सौ फोर व्हीलर पार्किंग की मिलेगी सुविधा-** पलासिया क्षेत्र के आदर्श रोड पर बन रही मल्टीलेवल पार्किंग की सौगात वैसे तो अफसरों द्वारा चार माह पहले अप्रैल तक शुरू किए जाने का दावा किया गया था। लेकिन हालत यह है कि अभी तक शुरू नहीं हो पाया। वहीं इस निर्माणाधीन मल्टी लेवल पार्किंग से जुड़ी सुविधाओं को बात करें तो यह पार्किंग पलासिया के आदर्श रोड पर ग्रेटर कैलाश अस्पताल के सामने बनाई जा रही है। इस नवीन पार्किंग सुविधा में एक साथ लगभग 150 चार पहिया (कार) और करीब इतने ही दोपहिया वाहन पार्क किए जा सकेंगे। वहीं यह एक आधुनिक और ऑटोमेटेड मल्टीलेवल पार्किंग बनाई जा रही है, जिससे वाहन पार्क करना आसान होगा।

**फायदाः आदर्श सड़क पर नजर नहीं आएगी बेतरतीब कार पार्किंग-** इसके शुरू होने से पलासिया, आदर्श रोड और 56 दुकान के आसपास सड़क पर लगने वाले ट्रैफिक जाम और अवैध पार्किंग की समस्या से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। साथ ही पलासिया क्षेत्र के आदर्श सड़क पर आधी सड़क घेरकर कारों की पार्किंग नजर नहीं आएगी। साथ ही पलासिया क्षेत्र के व्यापारियों और बड़े कॉरपोरेट ऑफिसों और मल्टियों में आने जाने वाले और क्षेत्र के रहवासी और व्यापारियों को नई आधुनिक पार्किंग की सुविधा मिलेगी जिसका लोगों को सालों से इंतजार है।



## भिलट बाबा चौराहे से आरई-2 रोड तक नई ड्रेनेज लाइन के बाद सड़क की बारी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विधानसभा 5 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक चोपन में स्थित शांति नगर बस्ती में भिलट बाबा चौराहे से लेकर आर ई 2 रोड तक पहले चरण में नवीन ड्रेनेज लाइन डालने के बाद अब नई सीमेंट सड़क की बारी भी आ गई है। जिसके अंतर्गत क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल के प्रयासों से निगम द्वारा यहां नई सीमेंटेड सड़क निर्माण कार्य तेजी के साथ शुरू कर दिया है। जिससे बड़ा फायदा यह होगा कि अब बारिश में लोगों को कीचड़ और गंदगी से मुक्ति मिलेगी साथ ही नई सड़क की सौगात भी मिल रही है। जिससे क्षेत्र के रहवासियों का आना-जाना सुगम होगा।

**आरई-2 रोड से होगी सीधी कनेक्टिविटी-** इस सड़क निर्माण की बड़ी बात यह है कि इससे वार्ड 54 के अन्तर्गत शांति नगर बस्ती क्षेत्र की आधा दर्जन से ज्यादा गलियों की आरई-2 रोड से सीधी कनेक्टिविटी होगी। जिसका क्षेत्र के रहवासियों को भविष्य में बड़ा फायदा मिलेगा। गौरतलब है कि क्षेत्र के रहवासी लंबे समय से पार्षद महेश बसवाल से शांति नगर क्षेत्र की सड़क बनवाने की मांग कर रहे थे। इसके बाद पहले नई ड्रेनेज लाइन डालने के बाद अब सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया गया है। जिससे बारिश के इस सीजन में लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# सालों से आधे-अधूरे पार्क को संवारने की अब आई शुभ घड़ी



### प्रियदर्शनी रीजेंसी में अब शुरू होगा अटका गार्डन निर्माण कार्य

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पूर्वी रिंग रोड पर खजराना सर्विस रोड पर स्थित पॉश कॉलोनी प्रियदर्शनी रीजेंसी में लंबे समय से आधे - अधूरे पड़े कॉलोनी के एक मात्र बगीचे के विकास कार्य की शुभ घड़ी आ गई है। वही काम शुरू करने के लिए रास्ता साफ हो गया है। दरअसल लंबे समय के बाद अब सालों पुराने बगीचे में निगम द्वारा विकास कार्य भी शुरू करने की तैयारी शुरू हो गई है।

**सबसे पहले होगा लंबा - चौड़ा वाकिंग ट्रैक तैयार-** जिसके तहत कॉलोनी के एकमात्र गार्डन में चारों ओर लम्बा चौड़ा वाकिंग ट्रैक पाथवे का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसके अलावा बारिश के सीजन में हरियाली और ग्रीनरी के लिए रहवासियों द्वारा पेड़ - पौधे भी लगाए जा रहे है। इसके अलावा बताया जा रहा है कि पार्क में बैठक व्यवस्था के लिए नई रंगीन बेंचें भी लगाई जाएगी। साथ ही रोशनी के लिए बगीचे में आकर्षक लाइटिंग भी लगाई जाएगी।

इसके अलावा बच्चों से लेकर बड़ों के मनोरंजन के लिए विधायक महेंद्र हार्डिया और निगम सहयोग से बच्चों के लिए झूले , चकरी फिसल पट्टी के साथ झूले और सीनियर सिटीजन और क्षेत्र की महिलाओं और युवाओं की सुविधा के लिए जिम के आधुनिक उपकरण लगाकर सेहत केंद्र भी तैयार करवाया जाएगा। साथ ही रहवासियों की मांग पर निगम सहयोग से अन्य सुविधाएं भी जुटाई जाएगी। सबसे पहले सुबह शाम घूमने वालों के लिए आकर्षक एक्यूप्रेशर वाली टाइल्स का शानदार वाकिंग ट्रेक का निर्माण कार्य तैयार करवाया जा रहा है। इसके अलावा सौंदर्यकरण और सजाने - संवारने की योजना के अंतर्गत अन्य विकास कार्य भी जल्द शुरू किए जाएंगे।

**लंबे समय से विवाद के चक्कर में अटका था बगीचे का विकास-** बताते हैं कि इस प्रियदर्शनी रीजेंसी पाश कॉलोनी के कॉर्नर पर रिंगरोड की सर्विस रोड से लगे इस बगीचे में लंबे समय से किसी विवाद की बात सामने आ रही है। जिसके कारण अब तक उक्त बगीचे में लंबे समय से विकास के कार्य अटके हुए थे जिन्हें दोबारा शुरू करने की तैयारी अब शुरू हो गई है।

# वार्ड 47 के वल्लभ नगर में अब गंदे पानी की समस्या से मिलेगी राहत

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विधानसभा पांच के वार्ड क्रमांक 47 से जुड़े वल्लभ नगर सहित अन्य क्षेत्र में पिछले कई महीनों से ड्रेनेज लाइनों के कारण लगातार आ रही गंदे पानी की शिकायत का अब जल्द समाधान होगा। जिसको लेकर वार्ड 47 के वल्लभनगर क्षेत्र के रहवासी लंबे समय से गंदे पानी की समस्या से परेशान हो रहें थे। यही नहीं कई बार निगम अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया और विधायक महेंद्र हार्डिया तक को शिकायत कर दी थी। लेकिन लगातार प्रयास के बावजूद समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा था। इसके बाद क्षेत्रीय पार्षद पहाड़ियां और विधायक हार्डिया के प्रयासों से लोगों की शिकायत और समस्या के स्थायी समाधान के लिए वल्लभनगर क्षेत्र में लंबे समय से अटकी क्षेत्र में लाखों रुपए खर्चकर ड्रेनेज लाइन बिछाने की फाइल को मंजूर करवाया गया। अब पूरे क्षेत्र में निगम द्वारा नई ड्रेनेज लाइन बिछाई जाएगी। जिसको लेकर निगम की तैयारी भी शुरू हो गई है।

### अब पूरे क्षेत्र में सालों पुरानी लाइन बदलकर बिछेंगी नई लाइनें

निगम एमआईसी सदस्य पहाड़ियां ने बताया कि लंबे समय से वल्लभनगर क्षेत्र की सालों पुरानी लाइनें चोक होने से इसका असर आसपास की कई बस्तियों पर भी पड़ रहा था। जिसको लेकर पिछले कई महीनों से वल्लभनगर, दुबे का बगीचा और आसपास के अन्य क्षेत्रों में चोक पड़ी ड्रेनेज लाइनों के कारण रहवासी परेशान हो रहे थे। निगम की टीमों ने सारे संसाधन लगाकर कई दिनों से मशक्कत की, लेकिन लाइनें ठीक नहीं हुईं। वहीं अब वल्लभनगर क्षेत्र में कई हिस्सों में नई ड्रेनेज लाइनें बिछाने का कार्य शुरू हो गया है। यही नहीं कुछ दिन पहले निगम के अपर आयुक्त आशीष पाठक, ड्रेनेज विभाग के कई अधिकारी वल्लभनगर क्षेत्र में शिकायतों के बाद यहां दौरा करने भी पहुंचे थे।



वहां अलग-अलग हिस्सों में ड्रेनेज लाइन चोक हो रही थी।

### दुबे का बगीचा और अन्य क्षेत्र में भी हो रहा था असर

बड़ी बात यह है कि वल्लभ नगर क्षेत्र की सालों पुरानी लाइने चौक होने का असर दुबे का बगीचा और आसपास की कई कालोनियों के साथ-साथ पार्क रोड की ड्रेनेज की मेन लाइन पर भी पड़ रहा था। जिस पर रहवासियों की शिकायत पर क्षेत्रीय पार्षद पहाड़िया ने अधिकारियों को बुलाकर स्थिति बताई थी। उसके बाद वहां कई बड़े संसाधन लगाकर लाइनें क्लीयर करने के प्रयास हुए,लेकिन समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पाया। इधर पहाड़िया के मुताबिक उक्त क्षेत्र में नई ड्रेनेज लाइनें बिछाने के लिए 35 लाख के प्रस्ताव पहले से ही मंजूर थे। वहीं अब वहां कई हिस्सों में ड्रेनेज लाइन बिछाने के कार्यों का भूमिपूजन क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया द्वारा किया गया।

### 30 साल से ज्यादा पुरानी लाइनें और चैंबर हो गए थे ध्वस्त

एमआईसी मेंबर पहाड़िया ने बताया कि क्षेत्र में करीब 30 से 35 वर्ष पुरानी लाइनें और चेंबर कई जगह से ध्वस्त हो गए थे। जिससे लाइनें 15 से 20 फीट गहरी होने के कारण वहां सुधार कार्य भी नहीं हो पा रहे थे। इसके लिए निगम की सुपर एक्शन मशीन से लेकर कई प्रेशर मशीनें लगा दी गई, मगर सफलता नहीं मिली। इसलिए अब नई लाइन बिछाने का काम शुरू करवा दिया गया है। जिससे क्षेत्र के रहवासियों को अब स्थायी समाधान मिलेगा। साथ ही लंबे समय से चली आ रही गंदे पानी की शिकायत भी दूर होगी।

## संपादकीय

# नेपाल-तिब्बत की विनाशकारी बाढ़ से सबक : हिमनद झीलों के खतरे को नजरअंदाज करना पड़ेगा भारी

नेपाल और तिब्बत के सीमांत इलाकों में आई विनाशकारी बाढ़ ने प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। हिमनद टूटने और ग्लेशियल झीलों के बढ़ते खतरे के बीच भारत के हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और सिक्किम जैसे हिमालयी राज्यों के लिए भी यह बड़ी चेतावनी है। नेपाल और तिब्बत के सीमांत इलाकों में आई विनाशकारी बाढ़ के कारणों का विश्लेषण और नतीजों का आकलन अभी जारी रहेगा, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर इस जरूरत को रेखांकित किया है कि आशंकाओं की अनदेखी या उसके प्रति उदासीनता का परिणाम क्या हो सकता है। नेपाल का जो समूचा इलाका हिमनद टूटने की वजह से तबाह हो गया, जानमाल की व्यापक क्षति हुई, उसका आम लोग भले ही ठीक-ठीक अनुमान नहीं लगा सके होंगे, लेकिन सरकार की नजर स्थानीय उथल-पुथल के संकेतों पर रहनी चाहिए थी। साथ ही अन्य देशों में ऐसी स्थितियों के असर की आशंका हो, तो वहां की एजेंसियों के साथ तालमेल से कुछ एहतियाती कदम उठाए जा सकते थे। खासतौर पर तब, जब नेपाल-तिब्बत के इस इलाके में बर्फ और चट्टानों वाला हिमस्खलन होने और उसकी वजह से बाढ़ आने की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। ऐसे में सावधानी बरतना एक नियमित तकाजा था। हालांकि यह सही है कि प्राकृतिक आपदाओं को रोकना संभव नहीं है, लेकिन अगर अचानक उपजने वाले खतरों को ध्यान में रख कर बचाव के पूर्व-इंतजाम किए जाएं, तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। जाहिर है, अब नेपाल को अगले कुछ समय तक के लिए तबाह हो गए इलाकों में बचे-खुचे को संभालने, लापता लोगों की खोज, पुनर्वास और पुनर्निर्माण को लेकर कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। बेशक वह अपने स्तर पर यह सब करने की कोशिश करेगा, लेकिन ऐसे समय में दूसरे देशों की सहायता भी काफी मायने रखती है। प्रभावित सभी इलाकों में हुए नुकसान का आकलन सामने आने के बाद पूरी तस्वीर साफ होगी, लेकिन फिलहाल नेपाल के वित्त मंत्री का कहना है कि इस प्रलयंकारी बाढ़ से हुई क्षति की भरपाई के लिए देश को चार-पांच अरब डालर की जरूरत होगी। यह समझा जा सकता है कि अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर पहले ही कई तरह के दबाव झेल रहे नेपाल के सामने अब इस त्रासदी की वजह से जो मुश्किल पैदा होगी, उससे निपटना उसके लिए एक बड़ी चुनौती होगी। इसके अलावा, इस बात का अध्ययन करने की जरूरत है कि व्यापक तबाही वाली इस बाढ़ की प्रकृति, रफ्तार और नुकसान पहुंचाने का दायरा इतना अलग क्यों था और इसकी वजहें क्या होंगी। दरअसल, इस आपदा का जो स्वरूप सामने आया, उसे समझना न केवल नेपाल, बल्कि उससे सटे देशों के लिए भी इसलिए जरूरी है कि अगर इसका दायरा और बड़ा हुआ तो इसकी जद में खासतौर पर भारत के भी कई इलाके आएंगे।

# प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने की थी खुदकुशी

## मर्ग जांच के बाद आरोपी पर केस दर्ज

**इंदौर।** सिमरोल थाना क्षेत्र के आशापुरा मंदिर के पास जंगल में पिछले साल हुई एक युवक की खुदकुशी के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच के बाद बड़ा एक्शन लिया है। पैसे के लेन-देन को लेकर प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपी के खिलाफ सिमरोल पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी की मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर ही पीड़ित ने जंगल में नदी किनारे आत्मघाती कदम उठाया था।

पुलिस के अनुसार, घटना गत 16 नवंबर 2025 की है, जब सिमरोल स्थित आशापुरा मंदिर के आगे जंगल में नदी के किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिला था। जांच करने पर मृतक की पहचान विजय पिता रामसिंह मीणा निवासी ब्रिटिश पार्क, इंदौर के रूप में हुई थी। पुलिस ने प्राथमिक तौर पर मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और मामले की विस्तृत जांच शुरू की। मर्ग जांच के दौरान पुलिस को मृतक के परिजनों के बयान और अन्य साक्ष्यों से पता चला कि आरोपी मुकेश पिता यशवंत वाडे निवासी कृष्णबाग कॉलोनी, बर्फानी नगर, इंदौर लगातार मृतक विजय मीणा को पैसों के लेनदेन की बात को लेकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। आरोपी द्वारा दी जा रही लगातार यातनाओं और धमकियों से तंग आकर विजय मीणा ने आशापुरा मंदिर के पास सूने जंगल में जाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। जांच में आरोप सही पाए जाने पर सिमरोल थाना पुलिस ने आरोपी मुकेश वाडे के खिलाफ सुसंगत धाराओं में 0 प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# नकदी और सोने के आभूषण ले उड़ा था बदमाश, फरियादी खुद पकड़कर ले गए छत्रीपुरा थाने

**इंदौर।** छत्रीपुरा थाना क्षेत्र के एमओजी लाइन में हुई लाखों रुपये की चोरी के मामले में पुलिस से एक कदम आगे बढ़ाते हुए फरियादी पक्ष ने खुद ही शातिर चोर को धर दबोचा। फरियादी और उनके साथी आरोपी को पकड़कर सीधे छत्रीपुरा थाने ले आए और पुलिस के हवाले कर दिया।

बीते दिनों छत्रीपुरा थाना क्षेत्र के एमओजी लाइन स्थित एक सूने मकान में अज्ञात बदमाश ने धावा बोलकर अलमारी का ताला तोड़ा था। चोर घर के लॉकर में रखे सोने के कीमती आभूषण और करीब डेढ़ लाख रुपये नगद बटोरकर रफूचक्कर हो गया था। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी और अपने स्तर पर भी संदेही का सुराग जुटाने में लगा हुआ था।

इसी बीच, फरियादी पक्ष को अपने सूत्रों और आसपास के फुटेज के जरिए लाबरिया भेरू निवासी जस्सू उर्फ जसवंत पर गहरा संदेह हुआ। फरियादी और उनके साथियों ने आरोपी जस्सू को दबोच लिया और गाड़ी में बिठाकर छत्रीपुरा थाने ले पहुंचे। अचानक थाने पहुंचे फरियादी और उनके साथ पकड़े गए आरोपी को देख पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। छत्रीपुरा थाना पुलिस ने आरोपी जस्सू उर्फ जसवंत को हिरासत में ले लिया। फिलहाल पुलिस आरोपी से चोरी की गई डेढ़ लाख रुपये की नकदी और सोने के जेवरात की बरामदगी के लिए कड़ाई से पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव के मुताबिक पकड़ा गया संदेही बेहद नशे की हालत में थाने लाया गया अब उसका नशा उतरने के बाद उससे पूछताछ क़ी जाएगी।

# ऑनलाइन टास्क और ट्रेडिंग के नाम पर धोखाधड़ी

## घर बैठे कमाई का लालच देकर आरोपी ने बैंक खाते में ट्रांसफर करवाए 87 हजार

**इंदौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का एक नया मामला सामने आया है, जहाँ शातिर जालसाजों ने एक युवक को घर बैठे ऑनलाइन टास्क पूरा करने और ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर हजारों रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित युवक की शिकायत पर तुकोगंज थाना पुलिस ने संबंधित बैंक खाता धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, फरियादी यश भावसार पिता शरद भावसार निवासी पंचम की फेल, मालवा मिल, ने थाने पहुंचकर साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि बीते 13 जुलाई को अज्ञात आरोपी ने उनसे संपर्क किया और ऑनलाइन टास्क पूरा करने तथा इन्वेस्टमेंट ट्रेडिंग के जरिए घर बैठे अच्छा मुनाफा कमाने का लालच दिया। शुरुआत में आरोपी ने फरियादी को अपने जाल में फंसाया और झांसे में लेकर अलग-अलग किस्तों में कुल 87,448 रुपये अपने बैंक अकाउंट खाता नंबरः 92601000787498 9 में ट्रांसफर करवा लिए। जब फरियादी ने अपना निवेश किया गया पैसा और मुनाफा वापस मांगा, तो आरोपी ने और पैसों की मांग करना शुरू कर दिया। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने तुरंत पुलिस की शरण ली।

# शीतला माता मंदिर में सोने की बात पर विवाद

## बुजुर्ग पर गांव के ही युवक ने डंडे से किया हमला

**इंदौर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम लिंबोदागारी में एक बुजुर्ग पर मंदिर परिसर में सोने की बात को लेकर गांव के ही युवक द्वारा डंडे से हमला कर।दिया।हमले में बुजुर्ग का सिर फट गया और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित बुजुर्ग की शिकायत पर गांधी नगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी दरयाव सिंह पिता हीरालाल चौधरी (60) निवासी ग्राम लिंबोदागारी ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि उनका बेटा रक्षाबंधन मनाने ससुराल गया था और घर पर ताला लगा था, इसलिए वे गांव के शीतला माता मंदिर पर बैठे थे। इसी बात पर गांव का आरोपी चंदन चौधरी आया और गाली-गलौज करने लगा। गालियां देने से मना करने पर आरोपी ने पास पड़ा डंडा उठाकर बुजुर्ग के सिर, कमर और पैर में दे मारा, जिससे वे लहूलुहान हो गए।

# दो ट्रकों में भिड़ंत, कटर से केबिन काटकर पुलिस ने घायल को बाहर निकाला

**इंदौर।** कनाडिया बायपास पर देवगुराड़िया ब्रिज के पास देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े दूसरे ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी तीव्र थी कि पीछे वाले ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और उसका चालक केबिन के भीतर ही बुरी तरह फंस गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगिरों की मदद से कटर का इस्तेमाल कर केबिन को काटा और काफी मशक्कत के बाद गंभीर रूप से घायल चालक को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना देर रात भोपाल मार्ग की ओर जाने वाली लेन पर हुई। पुलिस ने दोनों ट्रकों को कब्जे में ले लिया है और सड़क किनारे लापरवाही से ट्रक खड़ा करने वाले चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# कोकिन के साथ धराई नाइजीरियन महिला को लेकर मुंबई जाएगी पुलिस

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** चंदन नगर पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी के मामले में एक नाइजीरियन महिला को गिरफ्तार किया है। महिला को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस नाइजीरियन महिला इम्यूनल जॉय को लेकर मुंबई भी जाएगी और उसका नेटवर्क खंगालेगी। मुंबई से भी जॉय डिलेवरी देने इन्दौर आई थी। इसके चलते पुलिस अब जॉय को लेकर मुंबई भी जाएगी। इसके अलावा तकनीकी आधार पर भी पुलिस मामले की जांच करेगी।

# तीन चौराहों पर चौड़े होंगे लेफ्ट टर्न, एक पर लगेगा सिग्नल



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नगर निगम के आयुक्त क्षितिज सिंघल ने आज सुबह शहर के प्रमुख चौराहों का दौरा किया। यातायात को सुगम बनाने के मकसद से किए गए इस दौर में तीन चौराहों के लेफ्ट टर्न चौडा करने और एक चौराहे पर सिग्नल लगाने का फैसला लिया गया।

सिंघल द्वारा ट्रैफिक सुधार को लेकर आज से तीन सड़कों पर शुरू होने वाले अभियान के पहले चौराहों का निरीक्षण किया गया। लेफ्ट टर्न और चौराहे विकास कार्यों के संबंध मे दिशा निर्देश दिए गए। आयुक्त द्वारा ट्रैफिक सुधार को लेकर तीन इमली ब्रिज के नीचे, अन्नपूर्णा चौराहा, हरसिद्धि चौराहा, नगर निगम चौराहा, रसोमा चौराहा मैकेनिक नगर न्यू पलासिया चौराहा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ट्रैफिक सुधार हेतु तीन इमली, चाण्यकपुरी और रसोमा चौराहा पर लेफ्ट टर्न विकास करने, तीन इमली चौराहे पर सिग्नल लगाने के और जंक्शन पर आवश्यकतानुसार ट्रैफिक सुधार कार्य करने का फैसला लिया गया। इसके साथ ही उन्होंने संजय सेतु के जंक्शन पर जाकर वहां पर आ रही यातायात की समस्याओं को भी समझा। इस दौरान कृष्णपुरा छत्री के चौराहे और संजय सेतु के चौराहे पर यात्रा की स्थिति की समीक्षा भी की गई। इस चर्चा में वहां के कुछ दुकानदार भी शामिल हुए। इन दुकानदारों के द्वारा अपनी समस्याएं भी बताई गई।

## सोना-चांदी के आज के भाव

| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 154500 | 154890 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 234000 | 234000 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# जेन जी और जेन अल्फा : नेताओं ने इतना बड़ा गुब्बारा बना दिया कि अब आंधी का डर सताने लगा है!

**वोट की खेती करने वालों के लिए नई पीढ़ी सिर्फ मतदाता नहीं, सवालों की ऐसी ताकत बन रही है जिसका सामना भाषणों से करना आसान नहीं होगा -अक्षय जैन**

राजनीति बड़ी अजीब चीज है। जिस वर्ग की जरूरत होती है, उसे पहले मतदाता कहा जाता है, फिर वोट बैंक बनाया जाता है। उसके नाम पर योजनाएं बनती हैं, सम्मेलन होते हैं, भाषण होते हैं, घोषणाएं होती हैं और चुनाव आते ही उसी वर्ग के दरवाजे पर नेताओं की कतार लग जाती है। अब राजनीति को एक नया वर्ग मिल गया है जेन जी और जेन अल्फा। इन दोनों पीढ़ियों के नाम का इतना बड़ा शोर खड़ा कर दिया गया है कि लगता है जैसे भारत की पूरी राजनीति अब इन्हीं के इर्द-गिर्द घूमने वाली है। हर राजनीतिक दल को युवा चाहिए। हर नेता को युवा चेहरा चाहिए। हर पार्टी को युवाओं के लिए नई रणनीति चाहिए। सामाजिक माध्यमों पर युवा दिख रहे हैं, राजनीतिक मंचों पर युवा दिख रहे हैं और चुनावी प्रचार में युवा सबसे आकर्षक चेहरा बन चुके हैं। लेकिन असली सवाल कोई पूछना नहीं चाहता जिस युवा के नाम पर राजनीति का इतना बड़ा गुब्बारा फुलाया जा रहा है, उसके हाथ में आखिर है क्या? डिग्री है, लेकिन नौकरी की गारंटी नहीं। प्रतियोगी परीक्षा है, लेकिन भविष्य की निश्चितता नहीं।

मोबाइल है, इंटरनेट है, दुनिया की जानकारी है, लेकिन अपने भविष्य को लेकर बेचैनी भी है, और सबसे बड़ी बात हर पांच साल में उसे बताया जाता है कि उसका भविष्य उज्ज्वल है। वह पूछता है 'उज्ज्वल कब होगा?' यही सवाल राजनीति के लिए सबसे खतरनाक सवाल है। पुरानी राजनीति का युवा और आज का युवा एक समय था जब युवा का मतलब होता था पार्टी का झंडा उठाना, नेता के पीछे चलना, नारे लगाना और चुनाव के समय भीड़ जुटाना।

नेता मंच से बोलता था और युवा तालियां बजाता था।

अब समीकरण बदल गया है। नेता बोलता है तो युवा मोबाइल निकालता है। भाषण सुनने से पहले उसका वीडियो बनता है। दावा सुनने के बाद उसकी पड़ताल होती है। नेता कुछ कहता है तो उसका पुराना बयान कुछ ही मिनट में सामने आ जाता है। नेता वादा करता है तो युवा पूछता है।

**'इसका पिछला हिसाब क्या है?'** यही बदलाव राजनीति की सबसे बड़ी बेचैनी है। नई पीढ़ी को अब केवल यह बताकर प्रभावित करना आसान नहीं कि 'हम आपके लिए काम कर रहे हैं।' वह पूछेगी 'कौन सा काम?' 'कब किया?' 'कितने लोगों को फायदा हुआ?' 'और मेरे लिए क्या बदला?' यानी राजनीति के पुराने 'विश्वास करो' मॉडल की जगह 'सबूत दिखाओ' वाला मॉडल खड़ा हो रहा है। जेन जी को वोट बैंक समझना सबसे बड़ी राजनीतिक भूल होगी। राजनीतिक दलों को एक भ्रम से बाहर निकलना होगा। जेन जी कोई पारंपरिक वोट बैंक नहीं है। इसे केवल जाति के खाने में रखकर नहीं समझा जा सकता। इसे धर्म के कॉलम में नहीं बांधा जा सकता। इसे क्षेत्रीय समीकरणों से पूरी तरह नियंत्रित नहीं किया जा सकता। और सबसे बड़ी बात इसे किसी एक नेता की लोकप्रियता के भरोसे स्थायी रूप से अपने साथ नहीं रखा जा सकता। आज यह पीढ़ी आपके साथ है तो जरूरी नहीं कि पांच साल बाद भी आपके साथ रहे। आज रोजगार उसका मुद्दा है। कल शिक्षा। परसों महंगाई। फिर भ्रष्टाचार। फिर परीक्षा व्यवस्था। फिर अभिव्यक्ति। फिर स्थानीय समस्या। यानी नई पीढ़ी की राजनीति शायद स्थायी निष्ठा से ज्यादा मुद्दा आधारित प्रतिक्रिया पर चलेगी। यहीं से राजनीतिक दलों के सामने 'वोट बैंक' की जगह एक नया 'दबाव समूह' खड़ा हो सकता है।

जो सत्ता से सवाल करेगा। विपक्ष से भी सवाल करेगा। और जरूरत पड़ी तो अपने पसंदीदा नेता से भी सवाल करेगा। नेताओं ने गुब्बारे में हवा भरनी शुरू कर दी है राजनीति ने जेन जी को समझने से पहले उसका बाजार बना दिया।

युवा भारत। नई पीढ़ी। युवा शक्ति। डिजिटल पीढ़ी। भविष्य के मतदाता। नारे बहुत हैं। लेकिन सवाल एक ही है भविष्य किसका? **उस युवा का जिसके पास डिग्री है और नौकरी के लिए वर्षों तैयारी करनी पड़ रही है?** उसका जो एक प्रतियोगी परीक्षा के बाद दूसरी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में अपनी उम्र निकाल रहा है? उसका जो परिवार पर आर्थिक बोझ बने बिना अपना व्यवसाय शुरू करना चाहता है?

**उसका जो शहरों की महंगी जिंदगी में अवसर तलाश रहा है?**

या उस युवा का जिसे चुनाव के कुछ महीने पहले अचानक राजनीतिक दल 'देश का भविष्य' बताने लगते हैं?

युवाओं को मंच पर बुलाकर भाषण देना आसान है। उन्हें निर्णय लेने की मेज पर बैठाना मुश्किल है। उनके सवाल सुनना मुश्किल है। उनकी असहमति स्वीकार करना उससे भी मुश्किल है। लेकिन राजनीति को अब यही मुश्किल काम करना होगा। रील से राजनीति नहीं बदलेगी आज नेताओं की सामाजिक माध्यम टीमों में विशेषज्ञ बैठे हैं। कौन सा वीडियो चलेगा? कौन सा संगीत लगेगा? कौन सा चेहरा युवा को पसंद आएगा? कौन सा संदेश तेजी से फैलेगा? कौन सा नारा चर्चा में आएगा? सबकी रणनीति बन रही है। लेकिन राजनीति एक बात भूल रही है रील और वास्तविकता में जमीन-आसमान का अंतर है। युवा को सामाजिक माध्यम पर अच्छा दिखने वाला नेता नहीं चाहिए। उसे वास्तविक जीवन में काम करने वाला नेता चाहिए। रील में बेरोजगारी खत्म नहीं होती। पॉडकास्ट में महंगाई कम नहीं होती। सेल्फी से परीक्षा व्यवस्था पारदर्शी नहीं होती। हैशटैग से अस्पताल बेहतर नहीं होते। और वायरल वीडियो से सड़क नहीं बनती। इसलिए यदि राजनीति ने जेन जी को केवल सामाजिक माध्यमों के उपभोक्ता के रूप में समझ लिया तो यह उसकी सबसे बड़ी भूल होगी। जेन अल्फा : असली कहानी अभी बाकी है जेन जी तो आज राजनीति के दरवाजे पर दस्तक दे रही है। लेकिन जेन अल्फा अभी उस दरवाजे के बाहर खड़ी है। यह वह पीढ़ी है जिसने बचपन से मोबाइल, इंटरनेट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल दुनिया देखी है। इसकी राजनीतिक चेतना का निर्माण केवल अखबारों की सुर्खियों और नेताओं के भाषणों से नहीं होगा। यह पीढ़ी सवालों को खोजेगी, तुलना करेगी और जानकारी के कई स्रोतों को देखेगी। आज जो बच्चा किसी सरकारी स्कूल की खराब व्यवस्था का वीडियो देख रहा है, वह कल उसी व्यवस्था से सवाल पूछ सकता है। आज जो बच्चा अपने माता-पिता को महंगाई पर चर्चा करते सुन रहा है, वह कल अर्थव्यवस्था को अपने तरीके से समझेगा। आज जो बच्चा नेताओं को सामाजिक माध्यमों पर देख रहा है, वह कल उनसे पूछ सकता है। 'आपने कहा क्या था और किया क्या?' यही राजनीति की असली परीक्षा होगी। अब भाषण नहीं, हिसाब की राजनीति होगी भारत की राजनीति में भाषणों की कोई कमी नहीं रही। हर सरकार उपलब्धियों की सूची गिनाती है। हर विपक्ष कमियों की सूची गिनाता है। हर चुनाव में नए वादे आते हैं। लेकिन नई पीढ़ी शायद पहली बार इन वादों का हिसाब डिजिटल रिकॉर्ड की तरह रखने वाली है। यही कारण है कि भविष्य की राजनीति केवल जातीय समीकरणों से नहीं चलेगी। आंकड़े, प्रदर्शन और जनता की धारणा तीनों का संघर्ष होगा। और यहां एक और बड़ा बदलाव होगा। युवा केवल यह नहीं पूछेगा कि 'आपने क्या किया?' वह यह भी पूछेगा 'आपने जो किया, उसका फायदा किसे मिला?' यह सवाल राजनीति की जमीन हिला सकता है। लेकिन जेन जी से भी एक सवाल है यहां नई पीढ़ी को भी आत्ममुग्ध होने से बचना होगा। केवल व्यवस्था को गाली देने से व्यवस्था नहीं बदलती। हर सरकार को कोसने से लोकतंत्र मजबूत नहीं होता। हर वायरल वीडियो सत्य नहीं होता। हर सामाजिक माध्यम की चर्चा जनमत नहीं होती। और हर लोकप्रिय व्यक्ति राजनीतिक नेतृत्व के योग्य हो, यह भी जरूरी नहीं। यदि जेन जी वास्तव में बदलाव चाहती है तो उसे केवल टिप्पणी करने की क्रांति से आगे जाना होगा। उसे मतदान करना होगा। स्थानीय समस्याओं में भाग लेना होगा। नीतियों को समझना होगा। उम्मीदवारों का रिकॉर्ड देखना होगा। और सबसे महत्वपूर्ण जिसे वोट दिया है, उससे पांच साल तक सवाल पूछना होगा। लोकतंत्र केवल वोट डालने का अधिकार नहीं है। वोट के बाद निगरानी का दायित्व भी है। राजनीति की जमीन पर अब नई फसल तैयार हो रही है सालों से भारतीय राजनीति में वोट की खेती होती रही है। कभी जाति की जमीन पर। कभी धर्म की जमीन पर। कभी क्षेत्र की जमीन पर। कभी भावनाओं की जमीन पर। कभी मुफ्त की योजनाओं के पानी से। कभी नारों की खाद से। लेकिन अब एक नई जमीन तैयार हो रही है सवालों की जमीन। इस जमीन पर पुरानी राजनीतिक खेती आसान नहीं होगी। यहां बीज बोने से पहले हिसाब देना होगा। यहां भाषण से पहले प्रदर्शन दिखाना होगा। यहां पोस्टर से पहले नीति बतानी होगी। और यहां चुनावी वादे के साथ समय सीमा भी बतानी पड़ सकती है। युवा पूछ सकता है 'कितने दिन में?' और अगर जवाब नहीं मिला तो वह अगले चुनाव तक इंतजार करने के बजाय अगले ही दिन सवाल खड़ा कर सकता है।

क्या देश की आबोहवा बदलेगी? बदलाव की संभावना जरूर है। लेकिन केवल इसलिए नहीं कि जेन जी और जेन अल्फा सामने आ रही हैं। आबोहवा तब बदलेगी जब यह पीढ़ी अपने प्रभाव को समझेगी। जब वह वोट को केवल अधिकार नहीं, जिम्मेदारी भी समझेगी। जब वह पार्टी के नाम से ज्यादा उम्मीदवार के काम को देखेगी। जब वह सामाजिक माध्यमों की लोकप्रियता से ज्यादा जमीन की वास्तविकता को महत्व देगी। और जब राजनीतिक दल समझेंगे कि युवा को लुभाना नहीं है, उसका विश्वास जीतना है। यही अंतर आने वाले वर्षों में भारतीय लोकतंत्र की दिशा तय करेगा। गुब्बारा आखिर कितना बड़ा है? शायद हमने जेन जी और जेन अल्फा के नाम पर सचमुच बहुत बड़ा गुब्बारा बना दिया है। लेकिन सवाल गुब्बारे के बड़ा होने का नहीं है। सवाल यह है कि उसके भीतर क्या है? यदि भीतर केवल राजनीतिक प्रचार की हवा है तो यह गुब्बारा किसी दिन फूट जाएगा। लेकिन यदि उसके भीतर रोजगार की बेचैनी है... शिक्षा की चिंता है...महंगाई का दबाव है... भ्रष्टाचार से नाराजगी है...अवसरों की तलाश है... और व्यवस्था से जवाब मांगने का साहस है... तो सावधान! वह गुब्बारा नहीं है। वह आंधी से पहले का दबाव है। और राजनीति को यह समझना होगा कि आंधी को मंच, पोस्टर, विज्ञापन और सामाजिक माध्यमों के प्रचार से नहीं रोका जा सकता। आंधी को रोकने का एक ही तरीका है जिस जमीन से वह उठ रही है, उस जमीन की समस्या को हल करना। आने वाले भारत का युवा शायद यह नहीं पूछेगा कि आपका झंडा किस रंग का है। वह पूछेगा 'मेरे भविष्य का रंग क्या है?' वह यह नहीं पूछेगा कि आपका नेता कितना बड़ा है। वह पूछेगा 'मेरे लिए उसने कितना किया है?' वह यह नहीं पूछेगा कि आपका भाषण कितना शानदार है। वह पूछेगा 'आपके पांच साल का हिसाब कहां है?' और यही वह क्षण होगा जब भारतीय राजनीति को अपने सबसे पुराने हथियार भावना, भ्रम और चुनावी वादे के साथ एक नया हथियार जोड़ना पड़ेगा काम क्योंकि जेन जी और जेन अल्फा को शायद हमेशा के लिए वोट बैंक बनाना संभव नहीं होगा। उन्हें केवल प्रभावित किया जा सकता है, खरीदा नहीं। उन्हें केवल सुना जा सकता है, चुप नहीं कराया जा सकता। और उन्हें केवल सपने दिखाकर हमेशा बहलाया नहीं जा सकता। राजनीति के लिए संदेश साफ है युवा को मतदाता समझकर मत तलाशिए। उसे नागरिक समझकर तलाशिए। क्योंकि वोट की खेती करने वालों के सामने अब ऐसी पीढ़ी खड़ी हो रही है, जो खेत में खड़ी फसल काटने नहीं आई है वह पूछ रही है कि खेत में बीज किसने बोया, पानी किसने दिया और फसल किसके घर गई? और जिस दिन यह सवाल करोड़ों युवा एक साथ पूछने लगेंगे उस दिन भारतीय राजनीति में केवल मौसम नहीं बदलेगा... मौसम बनाने वाले ही बदल जाएंगे।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, सम्भाग रतलाम

**website wwwmp.gov.in/pwdmp email eepwdwdratlam@mp.nic**
**phone-07412-270437**

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 21-23/एस.ए.सी./2026-27** **रतलाम दिनांक-25.08.2026**

**निविदा विज्ञप्ति**

निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PWDRB_532291_1 | रतलाम | लोक निर्माण विभाग उपसम्भाग रतलाम अंतर्गत अजंता कालोनी एवं अल्कापुरी के शासकीय आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत विशेष मरम्मत एम.ओ. डब्ल्यू.एवं डिपाजिट कार्य। | प्रथम | 15.00 |
| 2 | 2026_PWDRB_532428_1 | रतलाम | लोक निर्माण विभाग सम्भाग रतलाम के अंतर्गत ए.आर. सड़कों का झोनल कांन्ट्रेक्ट के तहत वार्षिक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य | प्रथम | 225.00 |
| 3 | 2026_PWDRB_532433_1 | रतलाम | ग्राम खामरिया नागदा मेनरोड से नवोदय विद्यालय पहुंच मार्ग लम्बाई 0.36 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम | 53.83 |
| | | | | **योग** | **293.83** |

उपरोक्त निविदा हेतु निर्धारित शुल्क आनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 10.09.2026 सायं 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों (यदि कोई हो) का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। कोई भी अभिलेख भौतिक रुप से प्राप्त नहीं किए जावेंगे एवं ई.एम.डी. (RTGS, NEFT) के माध्यम से मात्र ऑनलाइन ही स्वीकार की जावेगी।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग सम्भाग रतलाम**

**जी-17872/26**

# स्मृति ने रचा इतिहास

## रन बनाने में दुनिया में दूसरे नंबर पर पहुंची



**दुबई।** भारत की ओपनिंग बल्लेबाज स्मृति मंधाना विमेंस इंटरनेशनल क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ियों की सूची में सूजी बेट्स को पछाड़कर दूसरे पायदान पर पहुंच गई हैं। बाएं हाथ की बल्लेबाज ने रविवार को थाईलैंड के खिलाफ विमेंस एशिया कप 2026 के तीसरे मुकाबले में 10 गेंदों का सामना करते हुए 19 रन बनाए। उनकी इस पारी में 4 चौके शामिल रहे।

इसी के साथ मंधाना ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10,756 रन बना लिए। मंधाना टेस्ट मुकाबलों में 788 रन बना चुकी हैं, जबकि वनडे फॉर्मेट में उनके नाम 5411 रन दर्ज हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उन्होंने 4557 रन जुटाए हैं। 30 वर्षीय मंधाना ने टेस्ट करियर के 9 मुकाबलों में 2 शतक और 5 अर्धशतक लगाए हैं। वहीं, 120 वनडे मुकाबलों में उनके नाम 14 शतक और 35 अर्धशतक हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मंधाना 1 शतक के साथ 35 अर्धशतक जमा चुकी हैं। इस लिस्ट में मिताली राज टॉप पर हैं, जिन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 10,868 रन बनाए। वहीं, सूजी बेट्स (10,740) इस लिस्ट में तीसरे पायदान पर पहुंच गई हैं। शार्लेट एडवर्ड्स (10,273) और स्टेफनी टेलर (10,007) क्रमशः चौथे और पांचवें पायदान पर हैं। महिला एशिया कप मुकाबले में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड को एकतरफा अंदाज में 94 रनों से हरा दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 159 रन बनाए, जिसमें शेफाली वर्मा ने 36 गेंदों में धमाकेदार 64 रनों की पारी खेली, जबकि प्रतिका रावल ने 22 और स्मृति मंधाना ने 19 रन बनाए। थाईलैंड की ओर से सुलीपॉर्न लाओमी ने 3 विकेट झटके। 160 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थाईलैंड की पूरी टीम भारतीय गेंदबाजों के घातक प्रदर्शन के सामने 16.1 ओवर में महज 65 रनों पर ही सिमट गई, जिसमें नानपट कंचनरोएनकाई के 41 रनों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज टिक नहीं सकी। भारत की तरफ से दीप्ति शर्मा (3 विकेट बिना कोई रन दिए) और नंदनी शर्मा (18 रन पर 3 विकेट) ने बेहतरीन गेंदबाजी कर टीम को एक बड़ी जीत दिलाई।

# दीप्ति के नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड बिना रन दिए झटके विकेट

**दुबई।** हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने थाइलैंड को 94 रनों से रौंदकर विमेंस एशिया कप में धमाकेदार आगाज किया। भारत की इस जीत में ओपनर शैफाली वर्मा के साथ दीप्ति शर्मा ने भी अहम रोल अदा किया। शैफाली की तूफानी फिफ्टी के दम पर जहां टीम इंडिया ने 159 रन बोर्ड पर लगाए। वहीं दीप्ति की शानदार बॉलिंग के दम पर भारत ने थाइलैंड की पूरी टीम को 65 के स्कोर पर समेट दिया। थाइलैंड के खिलाफ इस मैच में दीप्ति शर्मा ने एक नहीं बल्कि 2-2 इतिहास रचे। वह विमेंस टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली बॉलर बनीं, साथ ही वह पहली ऐसी भारतीय बॉलर बनीं जिसने बिना कोई रन दिए एक मैच में 3 या उससे अधिक विकेट चटकाए हो।

**विमेंस टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट-**थाइलैंड के खिलाफ विमेंस एशिया कप 2026 के मुकाबले में दीप्ति शर्मा ने 3 विकेट चटकाकर इतिहास रचा। वह विमेंस टी20 क्रिकेट में अब सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली बॉलर बन गईं हैं। उनके नाम इस फॉर्मेट में अब 171 विकेट हो गए हैं। दीप्ति शर्मा ने इस लिस्ट में थाइलैंड की थिपाचा पुत्थावोंग को पछाड़ा है, जो अब 170 विकेट के साथ दूसरे पायदान पर खिसक गई है। इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन भी इस लिस्ट में मौजूद हैं।

**विमेंस टी20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली बॉलर-**



171ङ - दीप्ति शर्मा (भारत)
170 - थिपाचा पुत्थावोंग (थाईलैंड)
164 - हेनरिट इशिम्वे
154 - सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैंड)
153 - कैरी चैन (हांगकांग)
153 - ओनिचा कामचोम्फू (थाईलैंड)

**दीप्ति शर्मा ने बिना कोई रन खर्च किए लिए 3 विकेटछ-** थाइलैंड के खिलाफ इस मैच में दीप्ति शर्मा ने मात्र 7 गेंदें डाली, जिसमें उन्होंने बिना कोई रन दिए 3 विकेट चटकाए। दीप्ति शर्मा भारत की पहली ऐसी बॉलर बन गई है, जिसने यह कारनामा किया हो। वहीं विमेंस टी20 क्रिकेट में यह 26वीं घटना है, जब किसी बॉलर ने बिना कोई रन दिए 3 या उससे अधिक विकेट चटकाए हो।

# साउथ दिल्ली ने जीता डीपीएल खिताब

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग 2026 का फाइनल रविवार की रात साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स और सेंट्रल दिल्ली के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया। इस मैच को 7 विकेट से जीतकर साउथ दिल्ली ने पहली बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। यह डीपीएल का तीसरा सीजन है, इससे पहले ईस्ट दिल्ली और वेस्ट दिल्ली एक-एक बार चैंपियन बन चुकी है। खिताबी मुकाबले को जीतने के लिए साउथ दिल्ली की टीम को 183 रनों का टारगेट मिला था, इस स्कोर को उन्होंने 10 गेंदें शेष रहते आसानी से हासिल कर लिया। लीग स्टेज में 10 में से 9 मैच जीतने वाली सेंट्रल दिल्ली के हाथ सिर्फ निराशा लगी। अनमोल शर्मा ने 42 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से शानदार 64 रन बनाकर चेज की नींव रखी। उन्हें अंकित डबास का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 33 गेंदों पर पांच चौकों और चार छक्कों की मदद से 61 रनों की ज़बरदस्त नाबाद पारी खेली।

# वैभव का अब कप्तानी में जलवा

## अंपायर के फैसले को ही साबित कर दिया गलत

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जा रहे दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने अपनी कप्तानी का लोहा मनवाया। सेंट्रल जोन के खिलाफ ईस्ट जोन की कमान संभाल रहे इस युवा खिलाड़ी ने एक सटीक डीआरएस का फैसला लेकर हर किसी को हैरान कर दिया और उनकी सूझबूझ का यह दांव पूरी तरह सफल साबित हुआ।

ईस्ट जोन के नियमित कप्तान ईशान किशन के मैच के पहले सत्र में ही दाहिने हाथ की उंगली में चोट लगने के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा था। इसके बाद टीम के उपकप्तान वैभव सूर्यवंशी ने बिना हिचकिचाए मैदान पर नेतृत्व का जिम्मा संभाला। इतनी कम उम्र में सीनियर स्तर पर कप्तानी की जिम्मेदारी मिलना और फिर दबाव के पलों में बेहतरीन फैसले लेना उनके परिपक्व स्वभाव को दर्शाता है।

मैच का सबसे चर्चित पल 40वें ओवर में आया जब तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की गेंद पर सेंट्रल जोन के सेट बल्लेबाज आर्यन जुयाल के खिलाफ कैच आउट की पुरजोर अपील हुई। मैदानी अंपायर द्वारा नॉट आउट करार दिए जाने के बाद मुकेश कुमार ने सूर्यवंशी



को रिव्यू लेने के लिए मनाया। हालांकि वैभव खुद किसी स्पष्ट आवाज को लेकर थोड़े असमंजस में थे लेकिन उन्होंने सूझबूझ दिखाते हुए आखिरी समय में डीआरएस का इशारा कर दिया। थर्ड अंपायर की जांच में अल्ट्राएज पर गेंद के बल्ले के करीब से गुजरते ही हलचल दर्ज हुई, जिससे बल्ले का किनारा लगने की पुष्टि हो गई। जैसे ही फैसला बदला गया वैभव सूर्यवंशी की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और वह टीम के साथियों के साथ जश्न मनाते नजर आए। उनका यह साहसी दांव टीम के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता लेकर आया।

# भारत-न्यूजीलैंड के बीच सॉफ्टबॉल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए ऐतिहासिक समझौता

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल जगत में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए भारतीय सॉफ्टबॉल संघ और न्यूजीलैंड सॉफ्टबॉल के बीच सॉफ्टबॉल के समग्र विकास एवं प्रोत्साहन के लिए महत्वपूर्ण चार वर्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। नई दिल्ली स्थित होटल द ललित में आयोजित समारोह में इस ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर हुए। भारतीय सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष रमेश मैंदोला ने इस महत्वपूर्ण पहल की जानकारी देते हुए बताया कि यह समझौता भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेल संबंधों को और मजबूत करने के साथ-साथ भारतीय सॉफ्टबॉल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। एमओयू पर न्यूजीलैंड सॉफ्टबॉल के बोर्ड सदस्य श्री जे. चांगलानी एवं भारतीय सॉफ्टबॉल संघ के महासचिव डॉ. प्रवीण अनाओकर ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर भारतीय सॉफ्टबॉल संघ के पदाधिकारियों में डॉ. प्रवीण अनाओकर, महासचिव, वसीम राजा खान, संयुक्त सचिव, शिबानी टैगोर, संयुक्त सचिव तथा विजय गौड़ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। **तीन प्रमुख क्षेत्रों में होगा सहयोग-** समझौते के तहत भारत और न्यूजीलैंड के बीच कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संयुक्त रूप से कार्य किया जाएगा। **इंडो-न्यूजीलैंड सॉफ्टबॉल सीरीजः** दोनों देशों में बारी-बारी से अंतरराष्ट्रीय सॉफ्टबॉल सीरीज आयोजित की जाएगी, जिससे भारतीय खिलाड़ियों को नियमित रूप से विश्वस्तरीय अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त होगा। न्यूजीलैंड सॉफ्टबॉल द्वारा भारतीय राष्ट्रीय टीमों के लिए उच्च प्रदर्शन वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों का सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

# इंग्लैंड ने पाक का किया सूपड़ा साफ

## दूसरे टेस्ट में 194 रन से जीत सीरीज पर किया कब्जा

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ओली रॉबिन्सन, जोश टोंग और जोफ्रा आर्चर की सनसनीखेज गेंदबाजी की बदौलत मेजबान टीम ने रविवार को लॉर्ड्स में खेले गए दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान पर 194 रनों से जीत हासिल की।

इस जीत के साथ इंग्लैंड ने सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है, अभी एक टेस्ट मैच बाकी है और कप्तान के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल में जो रूट के लिए यह एक सकारात्मक शुरुआत है। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। उन्होंने इंग्लैंड को 77/4 पर समेट दिया, जिसमें तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास का दबदबा रहा। 120 रन पर अपनी आधी टीम खो देने के बाद, जॉर्डन कॉक्स (105 गेंदों में 55 रन, सात चौकों के साथ) ने जेमी स्मिथ (80 गेंदों में 61 रन, 10 चौकों के साथ) के साथ 67 रन की साझेदारी की। निचले क्रम के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिनमें गस एटकिंसन (46 गेंदों में 45 रन, छह चौकों के साथ) और जोश टोंग (48 गेंदों में 30ङ रन, चार चौकों के साथ) ने इंग्लैंड को 66.4



ओवरों में 290 रन तक पहुंचाया। अब्बास (4/73) और मोहम्मद अली (3/86) पाकिस्तान के लिए बेहतरीन गेंदबाज रहे। अपनी पहली पारी में पाकिस्तान की टीम 37.2 ओवर में मात्र 110 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। दूसरी पारी में इंग्लैंड के कुछ बल्लेबाज अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर सके। इंग्लैंड ने 54.2 ओवर में 208 रन बनाकर 10 विकेट गंवा दिए। अब्बास (5/57) ने पांच विकेट लेकर लॉर्ड्स के सम्मान बोर्ड में अपना नाम दर्ज कराया, जबकि अली और खुर्रम शहजाद ने दो-दो विकेट लिए। इंग्लैंड ने 388 रनों की बढ़त हासिल कर पाकिस्तान को जीत के लिए 389 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने 14 रन पर अपने तीन विकेट गंवा दिए। रॉबिन्सन और आर्चर ने आक्रामक गेंदबाजी की, जिनमें से आर्चर ने कप्तान बाबर आजम को सिर्फ छह रन पर आउट कर दिया। शान मसूद (72 गेंदों में 26 रन, दो चौकों के साथ) ने सऊद शकील के साथ चौथे विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी की, जिससे पाकिस्तान 100 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रहा। शकील एकमात्र बल्लेबाज थे जिन्होंने संघर्ष किया और शतक से चूक गए। उन्होंने 122 गेंदों में 13 चौकों और दो छक्कों की मदद से 97 रन बनाए।

# मकान में हिस्सा मांगने पहुंचे बहू-बेटे की करतूत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बाणगंगा थाना क्षेत्र के गंगाधाम कॉलोनी में संपत्ति के विवाद में बुजुर्ग सास के साथ उनके ही बेटे और बहू द्वारा बर्बरतापूर्वक मारपीट करने का मामला सामने आया है। मकान में हिस्से की मांग को लेकर आए कलयुगी बेटे और बहू ने गाली-गलौज करते हुए बुजुर्ग महिला के साथ झूमाझटकी की। इस दौरान बहू ने सास का कान इतनी बेरहमी से खींचा कि सोने की बाली ख़ींचने से कान फट गया और खून बहने लगा। पीड़ित वृद्धा की शिकायत पर बाणगंगा थाना पुलिस ने आरोपी पति-पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, फरियादी सावित्री पति बद्रीलाल मालवीय निवासी गंगाधाम कॉलोनी, नंदबाग ने थाने पहुंचकर अपने ही बेटे और बहू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा अरविंद मालवीय और बहू श्वेता मालवीय उनके घर पहुंचे और मकान में अपना हिस्सा मांगने की बात को लेकर गालियां देने लगे। जब पीड़िता ने उन्हें गाली देने से मना किया, तो दोनों जबरन घर के मुख्य दरवाजे पर ताला लगाने लगे। वृद्धा ने जब उन्हें ताला लगाने से रोका, तो आरोपी बेटे अरविंद और बहू श्वेता ने आपा खो दिया और उनके साथ हाथ-थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान झूमाझटकी करते हुए बहू श्वेता ने अपनी सास सावित्रीबाई का कान पकड़कर जोर से खींच दिया। खींचतान में कान में पहनी हुई सोने की बाली बुरी तरह खींच गई, जिससे वृद्धा का कान फट गया और उससे तेजी से खून निकलने लगा। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए, जिन्हें देखकर आरोपी बहू-बेटे जान से मारने की धमकियां देते हुए मौके से भाग निकले।

# विवाद सुलझाने गए युवक पर चाकू से हमला

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में बिचौली मर्दाना स्थित तालाब के पास सड़क पर आपस में झगड़ रहे बदमाशों ने सलाह देने से नाराज होकर युवक पर चाकू से वार कर दिए। आरोपियों ने युवक के कंधों और पैरों पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित युवक की शिकायत पर कनाड़िया थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर किया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी अर्पित शर्मा पिता अमित शर्मा निवासी पूर्णिता कॉलोनी, बिचौली मर्दाना ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वे बिचौली मर्दाना ब्रिज स्थित तालाब के पास से गुजर रहे थे, तभी आरोपी विजय, रोहित और यशिका सड़क पर आपस में लड़ाई-झगड़ा कर रहे थे। फरियादी अर्पित ने मानवीयता दिखाते हुए उनसे कहा कि तुम लोग रोड से नीचे होकर बात करो, नहीं तो कोई तेज रफ्तार वाहन तुम्हें टक्कर मार देगा। इतनी सी सलाह सुनते ही आरोपी रोहित और विजय अचानक भड़क गए। उन्होंने फरियादी से कहा कि 'तू अपना काम कर, तेरी इतनी हिम्मत कि तू हमें समझाएगा!' यह कहते हुए दोनों आरोपी फरियादी को गालियां देने लगे और अचानक चाकू निकालकर उनकी तरफ दौड़े। खतरा भांपकर फरियादी अर्पित जैसे ही जान बचाने के लिए अपनी कार में बैठने लगे, तभी आरोपी विजय ने चाकू से उनके कंधे पर दो-तीन वार कर दिए। इसी दौरान आरोपी रोहित ने भी अपने हाथ में लिए चाकू से फरियादी के पैरों पर कई वार कर दिए, जिससे वे लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। वारदात के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

# मजदूर युवक ने जहर खाकर दी जान

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र के बिचौली हप्सी इलाके में रहने वाले एक 20 वर्षीय मजदूर युवक द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली गई। मृतक की पहचान दीपू पिता जामसिंह (20) निवासी बिचौली हप्सी के रूप में हुई है। मृतक पेशे से मजदूरी का काम करता था। उसने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया, इसका खुलासा फिलहाल नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है और युवक के दोस्तों व परिजनों से पूछताछ कर खुदकुशी के पीछे की वजह तलाशी जा रही है।

# कार ने मारी टक्कर, पंचर ट्रक का टायर बदल रहे हेल्पर की मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

कनाड़िया थाना क्षेत्र में कनाड़िया ब्रिज सर्विस रोड पर एक तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क किनारे खड़े ट्रक के कर्मचारियों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक का पंचर बना रहे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से इलाज के दौरान 52 वर्षीय हेल्पर की मौत हो गई। वहीं ड्राइवर का 17 वर्षीय भतीजा गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज जारी है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर कनाड़िया थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**नाबालिग गंभीर घायल**

पुलिस के अनुसार, घटना गत 25 अगस्त कनाड़िया ब्रिज के पास सर्विस रोड की है, जहाँ एक ट्रक पंचर होकर खड़ा हुआ था। ट्रक ड्राइवर का 17 वर्षीय भतीजा शेख रेहान पहिये के नट खोलकर टायर बदलने का काम कर रहा था, जबकि उसका 52 वर्षीय हेल्पर सगीर खान टॉर्च से उजाला दिखाकर उसकी मदद कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही कार एमपी 09 बीक्यू 1633 के चालक ने अपने वाहन को अत्यधिक तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए खड़े ट्रक में पीछे दाहिनी तरफ से जोरदार टक्कर मार दी। कार की सीधी चपेट में आने से टॉर्च दिखा रहे सगीर खान और नीचे काम कर रहा शेख रेहान गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। राहगिरों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान सगीर खान (52) की सांसें थम गईं। वहीं नाबालिग शेख रेहान का अस्पताल में इलाज चल रहा है। कनाड़िया थाना पुलिस ने कार नंबर के आधार पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# रिक्शा की टक्कर से स्कूटर सवार महिलाएं और बच्ची घायल



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सुपर कारिडोर स्थित ब्रिज पर एक्टिवा सवार महिलाओं को पैसेंजर रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे घायल हो गई। राहगिरों ने घायल महिलाओं को अस्पताल पहुंचाया। वहीं रिक्शा चालक ने जब भागने की कोशिश की तो उसे भी पकड़ा। कल दोपहर सुपर कारिडोर ब्रिज पर उस वक्त हंगामा मच गया, जब गलत दिशा से आ रहे रिक्शा



क्रमांक एमपी 09 बीजी 6126 ने एक्टिवा क्रमांक एमपी 09 झेडजे 6019 पर सवार दो महिलाएं और एक बच्ची को टक्कर मारकर घायल कर दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि एक्टिवा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं महिलाओं को भी चोट लगी। राहगिरों ने रिक्शा चालक को पकड़ लिया। मौके पर क्षेत्रीय पुलिस भी पहुंची। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# होटल के कर्मचारी ने जहर खाकर की खुदकुशी

**इंदौर।** विजय नगर थाना क्षेत्र में रसोमा इलाके की एक होटल में काम करने वाले कर्मचारी द्वारा जहर खाकर जीवन लीला समाप्त करने का मामला सामने आया है। जहर खाने के बाद परिजन युवक को गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर विजय नगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक का नाम सुरेश पिता बजीरा (50) निवासी अंजनी नगर है। परिजनों ने बताया कि मृतक रसोमा इलाके की एक होटल में काम करता था। बीते 27 अगस्त को वह होटल से काम खत्म कर निकला था, जिसके बाद उसने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उसकी सांसें थम गईं। पुलिस खुदकुशी के कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों के बयान दर्ज कर रही है।

# घर में बिजली के प्लग में पिन लगाते वक्त लगा करंट, युवती हुई अचेत, अस्पताल में मौत

**इंदौर।** रावजी बाजार थाना इलाके में एक दर्दनाक हादसे में 18 वर्षीय युवती की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। युवती घर में बिजली के प्लग में पिन लगा रही थी, तभी वह अचानक चालू बिजली के करंट की चपेट में आ गई। अचेत अवस्था में परिजन उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल लेकर भागे, जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। लुनियापुरा निवासी करीना पिता कन्हैया (18) अपने घर में दैनिक काम के दौरान बिजली के प्लग में पिन लगा रही थी, तभी अचानक आए तेज करंट ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। करंट लगते ही वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ी। परिजन तुरंत उसे अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है और मामले में जांच की जा रही है।

# बिल मांगने पर कार सवार चार बदमाशों ने की मारपीट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

राऊ थाना क्षेत्र स्थित बायपास रोड पर देर रात दबंगई और मारपीट का मामला सामने आया है। बायपास स्थित काफी कॉन्सेप्ट कैफे पर कार से आए चार युवकों ने ऑर्डर देने के बाद जब बिल चुकाने की बात आई, तो विवाद शुरू कर दिया। बिल माँगने से नाराज कार सवार युवकों ने गाली-गलौज करते हुए फरियादी के साथ हाथ-थप्पड़ों से जमकर मारपीट कर दी। पीड़ित की शिकायत पर राऊ थाना पुलिस ने गाड़ी नंबर के आधार पर कार चालक और उसके तीन साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी अर्पित पिता प्रवीण श्रीवास्तव निवासी काफी कॉन्सेप्ट, बायपास रोड, राऊ ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वे बायपास रोड स्थित काफी कॉन्सेप्ट पर मौजूद थे, तभी एक टाटा टियागो कार क्रमांक- एमपी 09 एवाय 6937 में सवार होकर चार युवक वहाँ पहुँचे और खाने-पीने की चीजों का ऑर्डर दिया। ऑर्डर तैयार होने के बाद जब फरियादी अर्पित कार के पास पहुँचे और बिल का भुगतान करने को कहा, तो कार में बैठे चारों युवक भड़क गए। आरोपियों ने बिल देने की बात को लेकर फरियादी को गालियां देना शुरू कर दिया। जब फरियादी अर्पित ने उन्हें गाली देने से मना किया और विरोध जताया, तो चारों युवक कार से बाहर निकल आए और तैश में आकर फरियादी को घेर लिया। देखते ही देखते आरोपियों ने फरियादी के साथ हाथ-थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। अचानक हुई इस मारपीट से कैफे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना के तुरंत बाद पीड़ित अर्पित राऊ थाने पहुँचे और पुलिस को कार के पंजीयन नंबर सहित पूरी आपबीती सुनाई।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।